इंदौर, शनिवार 04 जुलाई 2026
वर्ष : 5 अंक : 213
पृष्ठ : 6 मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई – एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## सावन के पहले ही रिमझिम...





इंदौर। तीन दिन की लगातार झमाझम बारिश के बाद आज अलसुबह से ही शहर में रिमझिम बारिश का दौर जारी है।

# कांग्रेस का पुराना रोग : अपनी ढपली-अपना राग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश कांग्रेस में लंबे समय से अंदरखाने चल रहा शक्ति संघर्ष अब खुलकर सामने आ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बीच उभरे मतभेद अब दिल्ली तक पहुंच चुके हैं। लगातार हो रही सार्वजनिक बयानबाजी, नेताओं के एक-दूसरे पर हमले और दिल्ली भेजी गई शिकायतों ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ा दी है। सूत्रों के मुताबिक, शीर्ष नेतृत्व ने पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तलब की है और संगठन में जल्द बड़े बदलाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा। राज्यसभा चुनाव के बाद शुरू हुआ असंतोष अब खुले गुटीय संघर्ष का रूप ले चुका है। स्थिति यह है कि पार्टी के विधायक, पूर्व मंत्री और संगठन पदाधिकारी अलग-अलग बयान देकर नेतृत्व पर सवाल उठा रहे हैं। इससे कांग्रेस की एकजुटता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

पिछले एक सप्ताह में कांग्रेस के कई नेताओं ने सार्वजनिक रूप से दिग्विजय सिंह के खिलाफ मोर्चा खोला। विधायक आरिफ मसूद और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने उन पर तीखी टिप्पणी की, जबकि विधायक प्रवीण पाठक ने सवाल उठाया कि कार्यकर्ता आखिर किसकी बात माने—दिग्विजय सिंह की या जीतू पटवारी की। प्रदेश महामंत्री निधि सत्यव्रत चतुर्वेदी ने भी सोशल मीडिया पर वरिष्ठ नेताओं को प्रदेशाध्यक्ष के खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी से बचने की नसीहत दी। बढ़ते विवाद के बीच नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पहले जीतू पटवारी और फिर दिग्विजय सिंह से अलग-अलग मुलाकात की। भोपाल स्थित दिग्विजय सिंह के आवास पर हुई बंद कमरे की बैठक को संगठन में डैमेज कंट्रोल की कोशिश माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि दिल्ली नेतृत्व के निर्देश पर सिंघार दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित करने में जुटे हैं।

**संगठन में बदलाव के संकेत :** दिल्ली में पहुंची शिकायतों और लगातार बढ़ते विवाद से पार्टी हाईकमान नाराज बताया जा रहा है। संगठन में बड़े बदलाव की चर्चा तेज है। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी की जिम्मेदारी बदली जा सकती है। हालांकि, इस पर अभी कोई आधिकारिक संकेत नहीं मिला है। पूरे घटनाक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की खामोशी भी राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई है। पार्टी के कई नेता मानते हैं कि मौजूदा हालात में उनका रुख संगठन की दिशा तय करने में अहम हो सकता है।




### राहुल गांधी से हस्तक्षेप की मांग

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने भी सोशल मीडिया के जरिए राहुल गांधी से हस्तक्षेप की अपील की है। उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर बढ़ता टकराव कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर कर रहा है और संगठनात्मक एकता बनाए रखने के लिए केंद्रीय नेतृत्व को तत्काल पहल करनी चाहिए। कांग्रेस में यह विवाद अब केवल नेताओं की बयानबाजी तक सीमित नहीं रह गया है। मामला संगठनात्मक नेतृत्व, गुटीय संतुलन और आगामी चुनावी रणनीति से जुड़ गया है। यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो इसका असर पार्टी की राजनीतिक सक्रियता और संगठनात्मक मजबूती पर पड़ सकता है।

### चुनाव से पहले बड़ी चुनौती

लगातार सामने आ रहे इन घटनाक्रमों ने कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे और अनुशासन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर पार्टी प्रदेश सरकार को घेरने की रणनीति बना रही है, वहीं दूसरी ओर नेताओं और छात्र संगठनों के भीतर बढ़ती खींचतान संगठन की एकजुटता पर असर डालती दिख रही है। ऐसे में 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने संगठन को एकजुट और अनुशासित बनाए रखने की होगी।

### अंदरूनी लड़ाई बढ़ी

*मप्र में दो दशक से अधिक समय से सत्ता से बाहर कांग्रेस 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में संगठन को मजबूत करने में जुटी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी लगातार संगठनात्मक बैठकों और आंदोलनों के जरिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन दूसरी ओर पार्टी के भीतर दिग्गज नेताओं से लेकर छात्र संगठनों तक सामने आ रहे विवाद कांग्रेस की एकजुटता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। हाल के दिनों में उज्जैन भूमि आवंटन विवाद पर नेताओं के अलग-अलग बयान, यूथ कांग्रेस की बैठक में धक्का-मुक्की और एनएसयूआई में अनुशासनहीनता जैसे घटनाक्रमों ने संगठन के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या कांग्रेस इन अंदरूनी मतभेदों को खत्म कर 2028 और 2029 के चुनाव से पहले खुद को मजबूत कर पाएगी?*

## अंदर के पन्नों पर...

मानसून में डायरिया-डेंगू का खतरा बढ़ा



पेज-2

तबादलों के बाद निरस्ती को लेकर 'खेला'




पेज-6

### न्यूज ब्रीफ

- मौसम विभाग का बड़ा अलर्ट : गुजरात, कोंकण और गोवा के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट
- केंद्र सरकार का बड़ा एक्शन, UAPA के तहत इन 23 पाकिस्तानी नागरिकों को घोषित किया आतंकी
- गुजरात में किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी : बिजली टावर और लाइनों के मुआवजे में भारी बढ़ोतरी
- अभिषेक बनर्जी पर बरसे दिलीप घोष : चुनावी बयान थे भड़काऊ, जेल ही सही जगह
- काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट पर PSC जवान की राइफल से अचानक चली गोली, 3 लोग जख्मी
- आरजी कर केस पर पीड़िता की मां का बयान : '7 दिन में न्याय' का वादा था, 2 माह बीते
- बेंगलुरु : कैपजेमिनी ने कैंपस का डे-केयर सेंटर किया बंद, 5 पर केस दर्ज
- वेनेजुएला में भूकंप में मरने वालों की संख्या 2,645 हुई

# अयोध्या के बाद अब बद्रीनाथ में भी चंदा चोरी!



**अयोध्या (एजेंसी)** • अयोध्या राम मंदिर में दान चोरी के आरोपों के बीच देश के एक और प्रतिष्ठित मंदिर में चढ़ावे में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। बदरीनाथ धाम में भी चढ़ावे और दान-पुण्य में गड़बड़ी के आरोप लग रहे हैं।

सोशल मीडिया पर भी इस आरोप को लेकर गर्मजोशी देखी जा रही है। वहीं ऐसी सूचना मिलने पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (BKTC) ने तुरंत एक्शन लिया है। समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि इन आरोपों को बहुत गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए एक जांच समिति बना दी गई है। आरोपों से जुड़े कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। अगर कोई गलती पाई गई तो किसी को नहीं बख्शा जाएगा, सख्त कार्रवाई होगी। हेमंत द्विवेदी ने सोशल मीडिया पर किए जा रहे उस दावे का भी खंडन किया, जिसमें एक कर्मचारी को उनका 'निजी सचिव' बताया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित व्यक्ति उनका निजी सचिव नहीं, बल्कि बीकेटीसी का एक नियमित सरकारी कर्मचारी है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। समिति के मुख्य कार्याधिकारी सोहन सिंह रांगड़ ने बताया कि 2 जुलाई से वायरल हो रहे इस मामले की शिकायत मिली थी। बदरीनाथ मंदिर के CCTV फुटेज चेक किए गए। फुटेज पूरी तरह साफ नहीं हैं, लेकिन फिर भी मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# 500 करोड़ की जमीन के मामले में फिर हुई सहकारिता विभाग की इंट्री

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • डायमंड कॉलोनी में 500 करोड़ की जमीन को लेकर हुए विवाद और दो पुलिसकर्मियों पर हमले की घटना को लेकर पुलिस के अलावा अब सहकारिता विभाग भी अपने स्तर पर जांच शुरू करने की तैयारी कर चुका है। जिस जमीन को एक फर्म ने खरीदा है, वह डायमंड गृह निर्माण संस्था की जमीन थी। यह संस्था पहले से ही विवादों में रही है। संस्था फिलहाल अस्तित्व में नहीं है, लेकिन सहकारिता विभाग के रिकॉर्ड में अब भी जीवित दर्ज है।

संस्था के परिसमापन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है और न ही संस्था का पंजीयन निरस्त हुआ है। अधिकारी यह भी जांच कर रहे हैं कि संस्था ने आखिर किस आधार पर फर्म को जमीन बेची। इसके लिए विभाग फर्म के डायरेक्टरों से संबंधित दस्तावेज मांगने के लिए नोटिस भेजेगा।

रिकॉर्ड के अनुसार, इस फर्म के डायरेक्टर प्रतीक संघवी, जयश्री संघवी और दिलीप सिसौदिया उर्फ दीपक मद्दा हैं। दीपक पहले भी जमीनों की खरीद-फरोख्त के मामलों में आरोपी रह चुके हैं। 500 करोड़ की जमीन के मामले में पुलिस ने दीपक से भी घंटों तक पूछताछ की।



# शिकायत कर दी, लेकिन बयान के लिए पुलिस को मिल रही है तारीख पर तारीख



**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

राजस्व विभाग देपालपुर में महिला कर्मचारी का कथित ऑडियो वीडियो लेनदेन को लेकर वायरल हुआ था, इस आधार पर देपालपुर के 'दैनिक इदौर संकेत' के प्रतिनिधि द्वारा खबरें प्रकाशित की गई थी। इसके पुख्ता प्रमाण और साक्ष्य पत्रकार के पास मौजूद है, लेकिन खबरों से बौखलाई महिला कर्मचारी ने पत्रकार के खिलाफ देपालपुर थाने पर झूठा आवेदन देकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। इस बात की सच्चाई जानने के लिए पुलिस ने जांच की तो पत्रकार ने अखबारों की कटिंग ऑडियो वीडियो के साक्ष्य अधिकारियों के समक्ष रख दिए हैं, लेकिन सब इंस्पेक्टर ने इस मामले में बयान के लिए महिला को थाने बुलाया तो वह लगातार तारीख पर तारीख दे रही हैं। इतना ही नहीं पिछले 8 दिन से अधिकारी महिला कर्मचारी को थाने बुला रहे हैं, लेकिन वह थाने आने को तैयार नहीं है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार उक्त महिला कर्मचारी ने काम को लेकर लाखों रुपए में डील की थी, जिसमें वह तहसील कार्यालय को छोड़ जल संसाधन विभाग में लिफाफा लेते हुए स्पष्ट दिखाई दे रही थी। इतना ही नहीं अगले बोर्ड में 100% कम करने का वादा भी कर रही है दूसरी सबसे बड़ी बात तहसील कार्यालय से कुछ ही दूरी पर बेटमा नाके के समीप महिला कर्मचारियों ने किसी को पैसे दिलाए वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। सूत्र बताते हैं कि सालों से जमी महिला कर्मचारी के साथ और भी लोग है, जिन्होंने काम के एवज में राशि एकत्रित की है। जिला प्रशासन अगर इस मामले में संज्ञान ले तो तहसील कार्यालय में जमीनों को लेकर जिस तरह से बंदरबांट की जा रही है, उसको लेकर बहुत बड़े खुलासे हो सकते हैं।

## विनियमित श्रेणी में निलंबित और सेवा मुक्त हो चुके कर्मचारी भी शामिल

# इंजीनियर और राजस्व अधिकारी तक बना दिए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • अगर आप किसी संस्थान में अपनी विशेषज्ञता वाले संकाय के साथ किसी पद पर स्नातक और स्नातकोत्तर योग्यता के साथ नौकरी कर रहे हों और एक दिन आपको पता चले कि आप चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की सूची में शामिल हैं और इस सूची में वे कर्मचारी भी हैं जो केवल दसवीं पास हैं, तो कुछ समय के लिए आप स्तब्ध रह जाएंगे। ऐसा ही कुछ इंदौर नगर निगम के 535 कर्मचारियों के साथ हुआ है। अब यहां उपयंत्री, जो कि सिविल इंजीनियर की स्नातक डिग्री हासिल किए हुए हैं, या फिर राजस्व अधिकारी, जो कि कॉमर्स स्नातक डिग्री प्राप्त हैं, वे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं।



**आयुक्त के आदेश से बदली श्रेणी** - वर्तमान में ऐसा ही कुछ नगर निगम के 535 कर्मचारियों के साथ हुआ है। ये कर्मचारी अभी तक अपनी योग्यता के अनुसार पद पर काम कर रहे थे, लेकिन नगर निगम आयुक्त के एक आदेश के बाद ये सभी कर्मचारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कहलाएंगे, चाहे वे पोस्ट ग्रेजुएट इंजीनियर हों या फिर कॉमर्स ग्रेजुएट, क्योंकि इस सूची में उन लोगों को शामिल किया गया है जो दसवीं कक्षा या उससे आगे की कक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। 856 कर्मचारी दसवीं उत्तीर्ण नहीं जिसके चलते केवल उन्हीं कर्मचारियों को लाभदिया गया जो दसवीं पास थे। नगर निगम के 1391 विनियमित कर्मचारियों में कई कर्मचारी ऐसे थे जिन्होंने दसवीं परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी, क्योंकि जब उन्हें नगर निगम में नियुक्ति दी गई थी, उस समय कोई भर्ती नियम नहीं था और सभी कर्मचारी काम के अनुसार विनियमित श्रेणी में शामिल किए गए थे। इस श्रेणी में माली, भृत्य, बेलदार से लेकर क्लर्क तक शामिल थे।

**ग्रेजुएट भी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी :** इसके अलावा ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कर्मचारियों को भी विनियमित श्रेणी में रखा गया था। लेकिन अब जब शासन द्वारा स्थायी कर्मचारी होने का लाभ दिया जा रहा है, तो ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कर्मचारियों को भी चतुर्थ श्रेणी में शामिल किया गया है, जबकि ये नगर निगम में उपयंत्री, सहायक राजस्व अधिकारी और सिविल इंजीनियर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर काम कर रहे हैं। वहीं भर्ती नियम 2015 लागू करने के बाद 1391 कर्मचारियों में से लगभग आधे कर्मचारी ही इस सूची में रह गए हैं, जिन्हें स्थायी कर्मचारी का लाभ दिया जा रहा है।

**घोटाले में कर्मचारी के नाम भी शामिल - विनियमित कर्मचारियों में ऐसे :** कर्मचारियों के नाम भी शामिल हैं जो फर्जी बिल घोटाले में शामिल हैं। इसके अलावा कुछ निलंबित कर्मचारी भी हैं। जिसको लेकर विवाद की स्थिति बन रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि उक्त कर्मचारी जब तक निगम की सेवा में शामिल हैं, उन्हें इसका लाभ मिलेगा, चाहे वे किसी कार्रवाई की सजा ही क्यों न भुगत रहे हों।

# मानसून में डायरिया-डेंगू का खतरा बढ़ा, रहें अलर्ट, जारी की एडवाजरी

## दूषित जल पीने से हो सकते हैं बीमार, उबला पानी पिएं, घर के पास जलजमाव न होने दें, बीमार होने पर तत्काल पास के अस्पताल पहुंचे, न करें लापरवाही

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वर्षा ऋतु होते ही शहर में जलजनित और मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने आमजन के लिए हेल्थ एडवाइजरी जारी कर डायरिया, टाइफाइड, पीलिया, हैजा, मलेरिया और डेंगू से सावधान रहने की अपील की है। सीएमएचओ ने कहा कि दूषित पानी और ठहरे हुए पानी में पनपने वाले मच्छर बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। बारिश के मौसम और बाढ़ के बाद दूषित जल के उपयोग से बीमारियां तेजी से फैलती हैं।

**बच्चों और शिशुओं में फैलती है गंभीर बीमारियां**- डॉ. हासानी ने कहा कि दूषित पानी के सेवन और अस्वच्छ आदतों के कारण मुख्य रूप से बच्चों और शिशुओं में डायरिया, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, पेचिश और हैजा जैसी गंभीर बीमारियां फैलती हैं। दस्त रोग में शरीर से अत्यधिक पानी निकल जाने से डिहाइड्रेशन के कारण बच्चे की मृत्यु तक हो सकती है।

**मलेरिया डेंगू पर भी अलर्ट**- बारिश में खेतों, तालाबों, गड्ढों, छतों पर पड़े टायरों, डिब्बों और पशुओं की हौद में पानी जमा हो जाता है। इस ठहरे हुए पानी में मच्छरों के लार्वा पनपते हैं, जो मलेरिया और डेंगू फैलाते हैं। इसमें मरीज को तेज ठंड लगकर बुखार आता है।

**निजी अस्पतालों को प्रशिक्षण**- बीमारियों की सटीक निगरानी के लिए आईडीएसपी के अंतर्गत संस्था के सहयोग से निजी अस्पतालों का उन्मुखीकरण किया गया। नई दिल्ली से आए डॉ. चंद्रकांत मोचे ने डॉक्टरों और प्रबंधकों को आईएचआईपी पोर्टल पर समयबद्ध रिपोर्टिंग के लिए प्रशिक्षित किया। विभाग का मानना है कि समय पर रिपोर्टिंग से प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत चिकित्सा रणनीति बनाकर राहत पहुंचाई जा सकेगी।



### दस्त से बचाव के लिए जरूरी

- भोजन बनाने और पीने के लिए हमेशा शुद्ध व उबले हुए पानी का इस्तेमाल करें।
- सड़े-गले फल और बासी खाद्य पदार्थों से पूरी तरह बचें।
- खाना खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं।
- खुले में शौच न करें, केवल शौचालय का प्रयोग करें।
- दस्त होने पर चिकित्सक की सलाह से ओआरएस घोल और जिंक सल्फेट की गोली लें।
- हरी सब्जियों और फलों को साफ पानी से अच्छी तरह धोकर ही उपयोग करें।

### मच्छरों से सुरक्षा के उपाय

- घर के आसपास पानी जमा न होने दें, रुके पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ ऑयल डालें।
- कूलर, फूलदान और फ्रिज की ट्रे को हफ्ते में कम से कम एक बार साफ और सूखा करें।
- सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें और आवश्यकतानुसार कीटनाशक का छिड़काव करवाएं।
- बुखार आने पर तुरंत खून की जांच करवाएं और डॉक्टर की सलाह पर पूरा इलाज है।

## न्यूज ब्रीफ

### जनरल काउंसिल की बैठक 07 जुलाई को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार की अध्यक्षता में शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय के स्वशासी निकाय की साधारण सभा की बैठक आगामी 07 जुलाई मंगलवार को दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई है। बैठक केसरबाग रोड़ लोकमान्य नगर स्थित शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय के कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित की जाएगी।

### उद्योगपति मतलानी ने ढ़ाई लाख की दी मदद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सशस्त्र सेना झण्डा निधि में पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, सैनिकों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास की सहायता के लिए अभिनव पहल की गई है। सशस्त्र सेना झण्डा निधि में इंदौर के उद्योगपति एवं सोनिक बायोकॉम, एक्स्ट्रेक्शन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक गिरीश मतलानी ने 2 लाख 51 हजार रुपये की मदद का हाथ बढ़ाया। अवगत हो कि यह दान राशि पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, सैनिकों की विधवाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास में राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा उपयोग में ली जाती है।

### लिपिक कर्मचारियों के लिये 1 अगस्त से प्रारंभ होगा लेखा प्रशिक्षण सत्र

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्राचार्य, लेखा प्रशिक्षण शाला, इन्दौर द्वारा संभाग इन्दौर के अंतर्गत आने वाले समस्त शासकीय कार्यालयों के नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण शाला का नवीन प्रशिक्षण सत्र 1 अगस्त 2026 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में संभाग इन्दौर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में कार्यरत ऐसे नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी आवेदन कर सकेंगे, जिनकी परिवीक्षा अवधि पूर्ण हो चुकी हो तथा जिन्होंने मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र दिनांक 1 जुलाई 2013 के अनुसार सी.पी.सी.टी. परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

### मुख्यमंत्री ने की कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों का कल्याण राज्य सरकार का कर्तव्य है। खेती की लागत कम करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता पर लिया जाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। कृषकों के हित संवर्धन के लिए लागू कार्यक्रमों और योजनाओं का क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जाए। किसानों से सीधे संवाद के लिए राजधानी से लेकर मैदानी स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। दुग्ध उत्पादन किसानों की आय बढ़ाने के लिए विशेष रूप से सहायक है। किसानों को उन्नत नस्ल की गाय उपलब्ध कराने में निजी संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाए। ग्रामीण स्तर पर इस तरह के केन्द्रों का अधिक से अधिक विस्तार हो।



# ममलेश्वर महादेव निकलेंगे कल नगर भ्रमण पर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मेनारिया ब्राह्मण समाज 52 श्रेणी (पंजीयन क्रमांक 12559) द्वारा श्रावण मास के पावन पर्व पर आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों की तैयारियों को लेकर रविवार को समाज की विशेष महापंचायत आयोजित की जाएगी। महापंचायत में ममलेश्वर महादेव जी के विशेष अभिषेक, नगर भ्रमण यात्रा एवं समाज के अन्य धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

समाज के निलेश जोशी, लाल जोशी, ओम पानेरी, विजय पुरोहित एवं विवेक पुरोहित ने बताया कि इस वर्ष श्रावण मास के आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए समाज के सभी सदस्यों से सुझाव लिए जाएंगे तथा विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियां भी तय की जाएंगी।

महापंचायत में समाज की महिला, पुरुष एवं बच्चों के लिए प्रस्तावित निःशुल्क ओंकारेश्वर यात्रा के आयोजन, पंजीयन, व्यवस्थाओं एवं सहभागिता को लेकर भी विशेष चर्चा होगी। समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है। यह जानकारी समाज के गिरीश जोशी ने दी।

# अयोध्या श्रीराम मंदिर चंदा चोर प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो- कांग्रेस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश महामंत्री मूलचंद राठौर के नेतृत्व में अयोध्या श्रीराम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण को लेकर इंदौर संभागायुक्त कार्यालय पर इंदौर शहर कांग्रेस एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र द्वारा प्रदर्शन कर संभागायुक्त कार्यालय अधीक्षक भंवरलाल चौहान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि



इस प्रकरण में चंपत राय, अनिल मिश्रा एवं गोविंद गिरी गोविंद राव सहित सभी जिम्मेदार व्यक्तियों की निष्पक्ष जांच कर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए तथा दोषी पाए जाने पर तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। केवल छोटे स्तर के लोगों पर कार्रवाई कर प्रभावशाली व्यक्तियों को बचाने का प्रयास न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। देवेंद्र सिंह यादव मुलचंद राठौर ने कहा कि यदि इस मामले में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों से जुड़े दस्तावेज और तथ्य सार्वजनिक रूप से सामने आए हैं, तो जांच एजेंसियों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति को जांच से बाहर नहीं रखा जाना चाहिए।

# मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज-2026 के लिए ऑनलाइन पंजीयन 25 तक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मप्र के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहरों, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक संपदा और पर्यटन की असीम संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 'पर्यटन क्विज-2026' का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय इस क्विज में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन 1 जुलाई से 25 जुलाई तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है।





# स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर दिया 'प्लास्टिक मुक्त भारत' का संदेश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पर्यावरण संरक्षण और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' के अवसर पर इंदौर में एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली प्रेसीडेंसी हा. से. स्कूल, इंदौर और हेडक्वार्टर स्काउट एवं गाइड ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई। रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनता को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और उन्हें दैनिक जीवन में इसका उपयोग बंद करने के लिए प्रेरित करना था।

# जर्जर भवन : निगम का नोटिस जारी, कार्रवाई के नाम पर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल** ● मानसून की शुरुआत के साथ भोपाल नगर निगम ने जर्जर भवनों को लेकर एक बार फिर नोटिस जारी कर दिए हैं, लेकिन कार्रवाई अब भी खानापूर्ति तक सीमित है। शहर में 3,435 जर्जर भवन हैं, जिनमें 757 अति जर्जर हैं। शहर के कई इलाकों में हजारों परिवार जान जोखिम में डालकर रह रहे हैं, जबकि हर साल नोटिस जारी करने के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। राजधानी में मानसून की दस्तक के साथ ही नगर निगम एक बार फिर जर्जर भवनों को लेकर सक्रिय हो गया है। हर साल की तरह इस बार भी भवन मालिकों और सरकारी विभागों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर फिर वही खानापूर्ति नजर आ रही है। शहर के हजारों परिवार आज भी ऐसे मकानों में रह रहे हैं, जो कभी भी बड़ा हादसा बन सकते हैं। नगर निगम के सर्वे के मुताबिक भोपाल में 3,435 भवन जर्जर हैं। इनमें 2,464 सरकारी और 971 निजी भवन शामिल हैं। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि 740 सरकारी और 17 निजी भवन अति जर्जर श्रेणी में हैं। इसके बावजूद हर साल की तरह इस बार भी निगम ने केवल नोटिस जारी कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली। इस वर्ष 2,184 भवन मालिकों और सरकारी एजेंसियों को मरम्मत या खतरनाक हिस्से हटाने के नोटिस दिए गए हैं।

फाइलों में कैद ऐशबाग के 600 फ्लैट नगर निगम और हाउसिंग बोर्ड की कार्यप्रणाली का सबसे बड़ा उदाहरण ऐशबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी है। यहां के 600 फ्लैट वर्ष 2016 में ही जर्जर घोषित कर दिए गए थे। वर्ष 2018 में निगम ने रहवासियों को मकान खाली करने के नोटिस थमाए, लेकिन उसके बाद मामला फाइलों से बाहर नहीं निकल सका। हर साल हाउसिंग बोर्ड और नगर निगम एक-दूसरे को पत्र लिखकर जिम्मेदारी निभाने का दावा करते हैं। रहवासियों से यह लिखवा लिया जाता है कि यदि कोई हादसा होता है तो उसकी जिम्मेदारी उनकी होगी। आठ साल बाद भी न मकान खाली कराए गए, न ही जर्जर भवनों को तोड़ा गया।

**इन इलाकों में सबसे ज्यादा खतरा- शहर**-के कई हिस्सों में जर्जर भवन लोगों की जान पर खतरा बने हुए हैं। ओल्ड सुभाष नगर और गौतम नगर में सबसे अधिक 327 जर्जर भवन हैं। ऐशबाग जनता क्वार्टर के 600 मकान रहने लायक नहीं बचे हैं। वहीं अरेरा कॉलोनी, जवाहर चौक, धोबी घाट, इब्राहिमपुरा, गुर्जरपुरा और काजीपुरा में भी वर्षों से नोटिस दिए जा रहे हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही। रिहायशी इलाकों के अलावा कई स्कूल, धर्मशालाएं, ट्रस्ट भवन और व्यावसायिक परिसर भी जर्जर हालत में हैं। बैरागढ़, शिवाजी नगर और रेलवे स्टेशन रोड जैसे व्यस्त बाजारों में भी कई दुकानें खतरनाक स्थिति में हैं, जहां रोज हजारों लोगों की आवाजाही रहती है।

# इंदौर के दो युवाओं को दक्षिण अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी से मानद डॉक्टरेट

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** ● शहर के दो युवा प्रतिभाओं को उनके उत्कृष्ट सामाजिक एवं शैक्षणिक योगदान के लिए दक्षिण अमेरिका के रिपब्लिक ऑफ पेरू स्थित एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय द्वारा मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किया जाएगा। प्रबंधन विशेषज्ञ एवं प्रोफेसर हर्षल जैन को डॉक्टरेट इन मैनेजमेंट तथा समाजसेविका रश्मि जैन (खुशबू) चिप्पड़ को डॉक्टरेट इन सोशल जस्टिस की मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। यह सम्मान समारोह महाराष्ट्र के नाशिक में आयोजित होगा। प्रोफेसर हर्षल जैन लंबे समय से प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। वे विद्यार्थियों को आधुनिक प्रबंधन की शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ युवा पीढ़ी के व्यक्तित्व एवं नेतृत्व विकास के लिए भी निरंतर कार्यरत हैं। वहीं रश्मि जैन (खुशबू) चिप्पड़ पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के कल्याण, सामाजिक न्याय और जनसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यों में निरंतर योगदान दे रही हैं।

# शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए मिला प्रतिनिधिमंडल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**देपालपुर** ● इंदौर जिले के नवागत जिला शिक्षा अधिकारी शौर्य मल्होत्रा से शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल मिला जिसमें मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष सोहनलाल परमार, उत्कृष्ट विद्यालय देपालपुर



की प्राचार्य श्रीमती सपना सिंह भदौरिया, हाई स्कूल चांदेर के प्राचार्य योगेंद्र गीते, सत्यनारायण मंडलोई पूर्व प्राचार्य हातोद, नितिन शर्मा, गिरीश तेजवानी शामिल थे इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने नवागत जिला शिक्षा अधिकारी शौर्य मल्होत्रा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर सोहनलाल परमार ने जिले के शिक्षकों, अध्यापक संवर्ग की विभिन्न समस्यासों के साथ साथ शिक्षा विभाग के संबंध में चर्चा की। मल्होत्रा ने आश्वस्त किया कि शिक्षा से संबंधित जो भी समस्या है उसका उचित निराकरण किया जाएगा।

# इंदौर संकेत की खबर : किसान को बीज पैसे लौटाए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**देपालपुर** ● देपालपुर क्षेत्र के किसान मनोहर लाल गहलोत द्वारा खरीदे गए बीच के अंकुरित नहीं होने का गंभीर मामला सामने आया था जिनके द्वारा देपालपुर के कृषि विस्तार अधिकारी को शिकायत की गई देपालपुर के संकल्प रिटेल स्टोर द्वारा दिया गया सोयाबीन बीज खराब निकला किसान ने इस बीज से बोनी की तो जमीन में ही बीज सड़ गया किसान मनोहर गहलोत द्वारा संकल्प रिटेल स्टोर पर गंभीर आरोप लगाए हैं और स्टोर द्वारा दिए गए बिल के साथ इस मामले में दैनिक इंदौर संकेत के प्रतिनिधि ने खबरें प्रमुखता से प्रकाशित की मामला बढ़ता देख संकल्प रिटेल



## देपालपुर संकल्प रिटेल स्टोर का सोयाबीन बीज निकला खराब

### सोयाबीन बोनी के बाद बीज जमीन में ही सड़ गया

**निलेश चौहान (94250-77209)**

**देपालपुर** ● **दैनिक इंदौर संकेत**

देपालपुर क्षेत्र के किसान मनोहर गेहलोत द्वारा खरीदे गए सोयाबीन बीज के अंकुरण नहीं होने का गंभीर मामला सामने आया है। किसान द्वारा संकल्प रिटेल स्टोर, देपालपुर से कुबेर सीड्स एंड बायोटेक कंपनी का सोयाबीन बीज (किस्म JS-2303) खरीदा गया था, जिसकी बुवाई करने के बाद भी खेत में अंकुरण नहीं हुआ। किसान के अनुसार खेत में पर्याप्त नमी एवं अनुकूल मौसम होने के बावजूद बीज जमीन

स्टोर के मैनेजर रात 10 बजे किसान मनोहर लाल के घर पहुंच गए हैं उन्होंने दो कुंटल सोयाबीन बीज का पैसा किसान को वापस दिया इतना ही नहीं उन्होंने लिखित में लिया कि मैं अपनी शिकायत वापस लेता हूं लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह तो एक किसान का मामला था ऐसे कितने किसानों के साथ संकल्प रिटेल स्टोर धोखाधड़ी कर रहा है सबसे बड़ी बात 30 तारीख को इस मामले की शिकायत कृषि विस्तार अधिकारियों को की गई थी लेकिन उन्होंने चार दिन में भी इस मामले को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की इससे स्पष्ट पता चलता है कि कहीं ना कहीं संकल्प रिटेल स्टोर के साथ अधिकारियों की मिली भगत से यह सब काम हो रहा है संकल्प रिटेल स्टोर पर अधिकारियों को दवाइयां और बीजों की जांच करना चाहिए साथ ही किसानों के साथ धोखाधड़ी न हो इसको लेकर सख्त निर्देश देने चाहिए अब देखना होगा कृषि विस्तार अधिकारी इस मामले में क्या दिशा निर्देश देते हैं।

# कल होगा जिला कार्यकर्ता सम्मेलन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महामंत्री सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा, कैलाश पीपले ने बताया कि भाजपा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन कल दोपहर मदन मोहन ऑडिटोरियम, संगीत कला अकादमी, स्कीम नंबर 68 अटल खेल परिसर के पास आयोजित किया गया है। सम्मेलन को मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा और पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार संबोधित करेंगे। जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी की 125 वीं जयंती वर्ष संगठन द्वारा पूरे देशभर में मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत डॉ मुखर्जी संस्मरण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

# 17 जुलाई को इंदौर में लगेगा 'पर्पल फेयर', दिव्यांगजन दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दिव्यांगजनों की प्रतिभा, सामर्थ्य और समावेशी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आगामी 17 जुलाई को इंदौर के रविन्द्र नाट्य गृह (आरएनटी मार्ग) में पर्पल फेयर (मेला) का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास केन्द्र, सीहोर के सहयोग से किया जा रहा है। मेले की तैयारियों को लेकर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा विभिन्न दिव्यांगता क्षेत्रों में कार्यरत पंजीकृत संस्थाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए निर्णय लिया गया कि सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विभिन्न संस्थाओं से जुड़े दिव्यांग बच्चों द्वारा दी जाएंगी। साथ ही जिले के उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले दिव्यांग प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। आयोजन की विशेषता पर्पल थीम रहेगी। इसके तहत कार्यक्रम स्थल की ब्रांडिंग पर्पल रंग में की जाएगी, वहीं दिव्यांगजनों के लिए कार्यरत संस्थाएं अपने-अपने क्षेत्रों में पर्पल रंग के बैनरों के साथ जागरूकता रैली भी निकालेंगी। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा, जिसमें कला प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, समावेशी शिक्षा से जुड़े गतिविधियां और दिव्यांगजनों की उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, शनिवार 04 जुलाई 2026

न्यूज ब्रीफ

### जो धर्म की राह पर चलते हैं उनका मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता है

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●जो मोक्ष पाने का लक्ष्य लेकर धर्म की राह पर चलते हैं और शिद्दत के साथ भगवान की भक्ति करते हैं उन्हें जीवन में किसी चीज का अभाव एवं दुख नहीं होता और व्यापार में समृद्धि एवं घर परिवार में भी सुख शांति की प्राप्ति होती है और उनका मोक्ष मार्ग भी प्रशस्त होता है। यह उद्गार दि. जैन प्राकृताचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री सम्बुद्ध सागर जी महाराज ने शुक्रवार को प्रात: तीर्थ स्वरूप श्री दि.जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर पहुंचने पर वहां आयोजित धर्म सभा मे व्यक्त किये। मुनिश्री ने कहा कि वीतरागता और मोक्ष की प्राप्ति के लिए श्रावकों को प्रतिदिन देव दर्शन अभिषेक पूजन एवं भगवान की भक्ति करना चाहिए। मोक्ष पाने के लक्ष्य के साथ की गई भगवान की भक्ति से धन वैभव एवं सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति स्वत: हो जाती है। प्रवचन के पूर्व श्रीजी की शांति धारा करने का सौभाग्य संगीत जैन एवं दिलीप जैन ने प्राप्त किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के कार्याध्यक्ष डॉ जैनेंद्र जैन, रमेश चंद जैन, राजेश जैन दद्दू, राकेश नायक आलोक नेता, जिनेश जैन,डॉ वी सी जैन, सुनील जैन टारगेट, कमल टेलीफोन,सुरेश पड़ोसी एवं महेंद्र अतुल जैन सुपाडी वाले आदि गणमान्य उपस्थित थे। प्रवचन के पश्चात मुनि श्री की आहारचार्य कराने का सौभाग्य जितेंद्र देवरीवाला परिवार को प्राप्त हुआ।

### आम आदमी पार्टी इंदौर प्रत्येक शनिवार लगाएगी 'जन समस्या निवारण शिविर'

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● आम आदमी पार्टी इंदौर द्वारा शहर की जनता की समस्याओं के समाधान हेतु 'जन समस्या निवारण शिविर' अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा के एक निर्धारित जोन कार्यालय पर शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता टेबल एवं कुर्सी की व्यवस्था के साथ उपस्थित रहेंगे और नागरिकों की समस्याओं को सुनकर जन समस्या पंजीकरण फॉर्म के माध्यम से शिकायतों एवं सुझावों का पंजीकरण करेंगे। प्राप्त शिकायतों का विषयवार संकलन कर उन्हें संबंधित विभागों एवं अधिकारियों तक विधिवत पहुँचाया जाएगा तथा उनके निराकरण के लिए नियमित फॉलो-अप किया जाएगा। इस अभियान का संचालन मुख्य रूप से विधानसभा कोऑर्डिनेटर्स की टीम करेगी। अभियान का उद्देश्य केवल शिकायत दर्ज करना नहीं, बल्कि प्रत्येक समस्या के समाधान तक निरंतर प्रयास करना है।

### जयपुर में ई-गवर्नेंस पुरस्कार के 'त्रिनेत्र' को स्वर्ण पुरस्कार

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ●श्री महाकालेश्वर मंदिर में लागू एआई आधारित निगरानी प्रणाली 'त्रिनेत्र' को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 में स्वर्ण पुरस्कार मिला है। जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कलेक्टर रौशन कुमार सिंह को सम्मानित किया। सम्मेलन में डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन ने उज्जैन के 'त्रिनेत्र' मॉडल को देशभर में लागू करने के लिए जल्द ही एमओयू करने की घोषणा की। यह मॉडल स्मार्ट निगरानी और सुरक्षा के लिए विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे प्रदेश के लिए उपलब्धि बताया। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के ई-गवर्नेंस नवाचारों का भी प्रदर्शन किया गया।

## कांग्रेस की 'युवा स्वाभिमान जेन-जी साइक्लोथॉन' 14-15 जुलाई को

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● कांग्रेस 14 और 15 जुलाई को 'युवा स्वाभिमान जेन-जी साइक्लोथॉन' का आयोजन करेगी। यह यात्रा इंदौर से शुरू होकर भोपाल पहुंचेगी, जहां हजारों युवा मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर रोजगार और शिक्षा जैसे मुद्दों पर सरकार से अपनी मांग रखेंगे। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने शुक्रवार को उज्जैन के एक निजी होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। इस दौरान जिला शहर एवं जिला ग्रामीण कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद थे। उन्होंने कांग्रेस की प्रस्तावित साइकिल यात्रा, युवाओं के मुद्दों और भाजपा सरकार की कार्यशैली पर अपनी बात रखी।

वर्मा ने बताया कि 'युवा स्वाभिमान त्नद्गठ्ठ साइक्लोथॉन' इंदौर से शुरू होकर देवास, आष्टा और सीहोर होते हुए भोपाल पहुंचेगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं के बीच जागरूकता फैलाना तथा बेरोजगारी, शिक्षा और उनके भविष्य से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता इस यात्रा में शामिल होंगे। हजारों युवा और कांग्रेस कार्यकर्ता भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर प्रदेश के युवाओं से जुड़े मुद्दों पर सरकार से जवाब तलब करेंगे।




### रोजगार और शिक्षा को लेकर युवा चिंतित

सज्जन सिंह वर्मा ने आरोप लगाया कि प्रदेश का युवा आज रोजगार और शिक्षा को लेकर चिंतित है, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस यात्रा के माध्यम से युवाओं की आवाज सरकार तक पहुंचाएगी। राहुल गांधी द्वारा कांग्रेस में 'स्लीपर सेल' संबंधी दिए गए बयान पर वर्मा ने कहा कि पार्टी संगठन को अंदर से कमजोर करने वाले लोगों की पहचान कर उसे मजबूत करने का काम कर रही है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि प्रदेश में जनप्रतिनिधियों की भी अनदेखी हो रही है। कई मंत्री और विधायक अपनी बात सरकार तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं।

## वीर रायफल शूटिंग सोसायटी के निशानेबाजों ने 24 स्वर्ण

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश रायफल संघ के तत्वावधान में इंदौर जिला रायफ़ल संघ द्वारा हाल ही में आयोजित महाराजा तुकोजीराव पंवार ट्रॉफी, इंदौर डिस्ट्रिक्ट एवं इंटर स्कूल निशानेबाजी स्पर्धा में 28 संस्थाओं के 725 निशानेबाज़ो ने भाग लिया। इनमें वीर रायफ़ल शूटिंग सोसायटी के निशानेबाजों ने 52 पदक हासिल कर सभी शूटिंग समितियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरवशाली कीर्तिमान बनाया। सोसायटी के प्रमुख एवं कोच सतीश शर्मा ने बताया कि इनमें 24 स्वर्ण, 14 रजत एवं 14 कांस्य पदक शामिल हैं। वीर रायफल शूटिंग सोसायटी राज्य का पहला फायर आर्म ट्रेनिंग देने वाला क्लब है जिसके निशानेबाजों ने यह कीर्तिमान बनाया है। क्लब के निशानेबाजों में कर्णिका, गीतांशी, प्रद्युम्न, आराध्य, कशिश, रशिका आदि ने रायफल में तथा विद्या शर्मा, प्रियांशी, कृष्णम, अजय श्रीवास्तव, कृष्णा आदि ने पिस्टल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सोसायटी एवं क्लब का नाम रोशन किया है। क्लब के कोच सतीश शर्मा ने इस उपलब्धि पर सभी शूटर्स को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय स्पर्धा में कड़ी मेहनत करने और इसी तरह लगातार पदक जीतने तथा नए कीर्तिमान बनाने की मंगल कामनाएँ व्यक्त की।





दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● विधानसभा एक वार्ड क्रमांक 17 कुशवाहा नगर भी सेक्टर गली नंबर 2 के रहवासी पिछले 10 वर्षों से देने लाइन की गंदगी से परेशान है। यह डैमेज लाइन दोनों तरफ से पैक है और इस पर पूर्व पार्षद अशोक कुशवाहा ने अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया है। ड्रेनेज लाइन का सड़ा गला पानी रह वासीयों के घरों में रीझ रीझ करता है और हमारे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। रह वासियों ने इसकी शिकायत विधानसभा एक के विधायक और कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गी आकाश विजयवर्गी नगर निगम आयुक्त महापौर क्षेत्रीय पार्षद शिवम यादव को सैकड़ो बार करी लेकिन हमारी समस्या का हल नहीं हुआ।

## कांग्रेस ने प्रदर्शन की बनाई रणनीति, जिला प्रभारी ने बूथ मजबूत करने का दिया मंत्र



दैनिक इंदौर संकेत

**खरगोन** ● जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिला प्रभारी उषा नायडू ने एक बैठक ली। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी पंचायती राज से लेकर केंद्र और प्रदेश स्तर तक के चुनावों में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करना था। इसके लिए बूथ, मंडल, ब्लॉक और जिला संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। जिला प्रभारी उषा नायडू ने खरगोन विधानसभा की बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार बनाने के लिए सभी को जीत के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने लोगों को परिवार मानकर उनसे मेलजोल बढ़ाने और बूथ स्तर पर मजबूत प्रदर्शन करने की आवश्यकता पर बल दिया। नायडू ने बताया कि भविष्य में रणनीति आधारित प्रशिक्षण के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी। जिलाध्यक्ष रवि नाईक ने कार्यकर्ताओं को पंच, सरपंच, पार्षद, विधायक और सांसद जैसे पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की रणनीति पर काम करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी को अपना प्रदर्शन दिखाना होगा। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रवि जोशी ने पिछले चुनाव के नतीजों का हवाला देते हुए कहा कि यदि पिछली बार 100 वोट मिले थे, तो इस बार 125 वोट कैसे प्राप्त किए जाएं, इस पर काम होना चाहिए।

### नौ श्रद्धालु वैष्णो देवी दर्शन के लिए रवाना

दैनिक इंदौर संकेत

**खरगोन** ● मुख्यमंत्री निशुल्क तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत ग्राम भगवानपुरा के 9 श्रद्धालुओं का चयन वैष्णोदेवी धाम दर्शन के लिए हुआ। शुक्रवार को यात्रा पर रवाना होने से पूर्व बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में सरपंच सारिका उपाध्याय ने सभी तीर्थ यात्रियों का चुनरी भेंट कर विदाई दी। सरपंच ने कहा यह योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए आस्था से जुड़ने का एक सराहनीय प्रयास है। इस योजना के माध्यम से श्रद्धालुओं को बिना किसी आर्थिक बोझ के देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन का अवसर मिल रहा है। गांव की मधु बाई पटेल तो हवाई यात्रा कर गंगासागर के दर्शन कर चुकी हैं। यात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में गीता बाई, रेशम बाई, सेवकराम मुकाती, शांता मुकाती, धनसिंह सोलंकी, राधा सोलंकी, कैलाश पटेल, कीर्तन पटेल शामिल हैं।

### मांडू में छाई धुंध, हेडलाइट जलाकर चले वाहन

दैनिक इंदौर संकेत

**धार** ● नगरी मांडू में शुक्रवार शाम को गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ करीब एक घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। इस बारिश से शहर के कई निचले इलाकों और सड़कों पर पानी जमा हो गया। पिछले दो दिनों से बारिश थमी हुई थी, जिसके बाद शुक्रवार शाम को हुए इस दौर से तापमान में गिरावट आई है और मौसम खुशनुमा हो गया है। मांडू क्षेत्र में पिछले दिनों हुई बोनी के बाद किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इस बारिश से खेतों में बोई गई सोयाबीन, मक्का और मूंग जैसी खरीफ फसलों को काफी लाभ मिलेगा।

जमीन में पर्याप्त नमी आने से उम्मीद जताई जा रही है कि अगले दो-तीन दिनों के भीतर फसलों के अनाज तेजी से अंकुरित होकर बाहर आ जाएंगे। बारिश के बाद ठंडी हवाएं चलने से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली है। शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि मानसून की शुरुआत से अब तक मांडू में कुल 5 इंच बारिश दर्ज हो चुकी है।

## देवास से जैश मॉड्यूल का संदिग्ध गिरफ्तार, गुजरात एटीएस का दावा

दैनिक इंदौर संकेत

**देवास**● गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने मध्यप्रदेश के देवास से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान बिलाल दुरानी मोहम्मद अम्मार घाघा उर्फ अबू दुजाना (18) के रूप में हुई है। गुजरात एटीएस का दावा है कि वह प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े उस मॉड्यूल का सदस्य है, जिसके खिलाफ गुजरात और मध्यप्रदेश में संयुक्त कार्रवाई करते हुए कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार रात गुजरात एटीएस की टीम देवास के नाहर दरवाजा क्षेत्र स्थित गफूर बस्ती पहुंची। स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में टीम ने बिलाल के घर पर करीब आधे घंटे तक परिवार से पूछताछ की। इसके बाद युवक को अभिरक्षा में लेकर देवास पुलिस के जरिए गुजरात एटीएस को सौंप दिया गया।

देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि गुजरात एटीएस एक संदिग्ध की तलाश में आई थी। नियमानुसार युवक को गुजरात एटीएस के हवाले कर दिया गया है। मामले की आगे की जांच गुजरात एटीएस कर रही है। एटीएस के अनुसार, गोपनीय सूचना मिली थी कि कुछ लोग प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की विचारधारा का प्रचार कर रहे हैं और गुजरात में उसका नेटवर्क खड़ा करने की साजिश में जुटे हैं। तकनीकी और मानव खुफिया जांच के बाद पांच राज्यों/जिलों में एक साथ कार्रवाई की गई। गुजरात के बनासकांठा, मेहसाणा, पाटन, नवसारी और मध्यप्रदेश के देवास से कुल 8 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। एटीएस का दावा है कि आरोपियों ने 'दारुल इस्लाम गुजरात जैश-ए-मोहम्मद' नाम से एक संगठन बनाया था और नए लोगों को जोड़ने के प्रयास कर रहे थे। जांच एजेंसी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों के पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स अब्दुल्ला और मोहम्मद उमर से संपर्क के सबूत मिले हैं। आरोप है कि मॉड्यूल को करीब 3 लाख रुपए की फंडिंग मिली, जिससे एक पुरानी कार खरीदी गई। आरोपियों पर जैश के साहित्य का गुजराती में अनुवाद कर कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने का भी आरोप है। एटीएस के अनुसार, छापेमारी में एक आरोपी के मोबाइल से 254 जिहादी दस्तावेज, ऑडियो-वीडियो, फोटो और जैश-ए-मोहम्मद का झंडा मिला। इसके अलावा मसूद अजहर की किताबें, उर्दू में लिखे पत्र और गुजराती में अनूदित जिहादी साहित्य भी बरामद किया गया है।

## बकरा बाजार में अवैध वसूली का आरोप

दैनिक इंदौर संकेत

**धार** ● धामनोद बकरा बाजार में ठेकेदार से जुड़े लोगों पर मनमानी वसूली और दादागीरी करने के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तय शुल्क से ज्यादा पैसे मांगे जा रहे हैं और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की गई। इस मामले को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने धामनोद थाने और नायब तहसीलदार को शिकायती आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक बकरा बाजार में बैठकी शुल्क केवल 5 रुपए तय है। इसके बावजूद ठेकेदार के कथित गुर्गे जबरन 20, 25 और 30 रुपये तक वसूल रहे हैं। जब कुछ ग्रामीणों ने इस मनमानी रकम को देने से मना किया, तो उनके साथ कथित तौर पर गाली-गलौज और मारपीट की गई।

घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा होकर धामनोद थाने पहुंचे और ठेकेदार के कर्मचारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस अवैध वसूली को तुरंत रुकवाने, दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने और बाजार में वसूली की पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की मांग की है। शिकायत मिलने के बाद धामनोद पुलिस ने मामले को जांच में ले लिया है। वहीं, इस मामले पर नायब तहसीलदार राजेश भिंडे ने बताया कि ग्रामीणों की तरफ से आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की पूरी जांच कराई जा रही है और रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### भारत-जापान साझेदारी का नया अध्याय, एशिया में बदलेंगे रणनीतिक और आर्थिक समीकरण

एक अनिश्चितता के दौर से गुजरते विश्व में आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे की मजबूती के लिए बेहतर विकल्प तैयार करना वक्त की जरूरत है। बदलते भू-राजनीतिक दौर में भारत जिस तरह अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नई संभावनाओं की जमीन तैयार कर रहा है, उसमें अलग-अलग देशों के साथ नए समीकरण बनना भी स्वाभाविक है। यों भारत और जापान के बीच संबंधों की कड़ियां बहुत लंबे समय से सकारात्मक और प्रगाढ़ रही हैं। मगर आज दुनिया भर में जिस तरह नए ध्रुव विकसित हो रहे हैं, उसमें दोनों देशों के बीच ठोस साझेदारी को लेकर बनी ताजा सहमति का अपना महत्त्व है। गौरतलब है कि भारत और जापान ने आर्थिक साझेदारी ढांचा तथा सैन्य उपकरणों को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए एक रक्षा समझौते सहित कई महत्त्वपूर्ण कदमों की घोषणा की है। जापान की प्रधानमंत्री ताकाइची की भारत यात्रा के दौरान कई अहम फैसले किए गए, जिनमें आर्थिक सुरक्षा के अलावा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में सहयोग के उद्देश्य से आपूर्ति श्रृंखला में साझेदारी मजबूत करने के लिए एक समझौता शामिल है। दरअसल, एक अनिश्चितता के दौर से गुजरते विश्व में आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे की मजबूती के लिए बेहतर विकल्प तैयार करना वक्त की जरूरत है। साथ ही ऊर्जा सुरक्षा के मामले में परिस्थितियों के मुताबिक नई संभावनाओं और साझेदारी को विकसित करना होगा। यही वजह है कि समुद्री सुरक्षा और रक्षा तकनीक को मजबूत करने के लिए 'यूनिकार्न' रेडियो एंटीना प्रणाली पर काम के अलावा भारत और जापान ने सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और उन्नत सामग्रियों जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में आपूर्ति श्रृंखला को ज्यादा मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक संयुक्त खाका तैयार किया है। इसके तहत भारत में एक हजार बायोगैस और उर्वरक संयंत्र स्थापित करने की पहल अगर जमीन पर उतरती है, तो इसके सकारात्मक परिणामों का अंदाजा लगाया जा सकता है। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों के विकसित होने की नई राह अर्थव्यवस्था के बुनियादी ढांचे को बड़ी ताकत दे सकती है। भारत और जापान एशिया की दो बड़ी लोकतांत्रिक शक्तियां हैं और इनके बीच सहयोग के ध्रुव को मजबूत करना इसलिए भी एक रणनीतिक जरूरत है कि इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के दबदबे को संतुलित करने में मदद मिलेगी।

# 117 नागरिकों की अपील पर क्या रहेगा भारत का रुख?

हाल ही में भारत और पाकिस्तान के 117 नागरिकों द्वारा दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों—नरेंद्र मोदी और शहबाज शरीफ को लिखा गया संयुक्त पत्र दक्षिण एशिया के राजनीतिक परिदृश्य में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सामयिक हस्तक्षेप है। इस पत्र से माना जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर जब भी भारत अपने हितों की रक्षा के लिए कोई कड़ा और निर्णायक कदम उठाता है, तो उसकी गूँज केवल सीमा पार ही सुनाई नहीं देती। आश्चर्यजनक रूप से, उसकी सबसे तीखी प्रतिक्रिया देश के भीतर बैठे एक विशिष्ट वर्ग से आती है। हाल के दिनों में जब भारत ने पाकिस्तान की ओर जाने वाली अपनी नदियों के पानी पर अपना वैधानिक हक जताते हुए उसे रोकने या मोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाए, तो सीमा पार से अधिक कोहराम भारत के लुटियंस ज़ोन, कुछ खास बौद्धिक गलियारों और स्वघोषित 'शांति दूतों' के खेमे में मच गया।



यह स्थिति बरबस ही एक पुरानी कहावत को चरितार्थ करती है— 'पानी पाकिस्तान का बंद हुआ है, मगर गला यहाँ के 'शांति दूतों' का क्यों सूख रहा है?' यह केवल एक व्यंग्यपूर्ण वाक्य नहीं है, बल्कि यह भारत की आंतरिक सुरक्षा, कूटनीति और वैचारिक युद्ध (नैरेटिव वॉर) की उस गहरी कड़वी सच्चाई को उजागर करता है, जिससे हमारा देश दशकों से जूझ रहा है।

इस पूरे विवाद की जड़ को समझने के लिए हमें सबसे पहले भारत के जल कूटनीति के रुख को देखना होगा। 1960 में हुई सिंधु जल संधि दुनिया के इतिहास में सबसे उदार संधियों में से एक मानी जाती है। इस संधि के तहत भारत ने अपनी विशालकाय नदियों (सिंधु, झेलम और चेनाब) का लगभग 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को दे दिया, जबकि खुद के लिए केवल पूर्वी नदियों (रावी, ब्यास और सतलुज) का पानी रखा।

दशकों तक पाकिस्तान ने भारत की इस उदारता का जवाब पीठ में छुरा घोंपकर दिया। सीमा पार से आतंकवाद, घुसपैठ, और कश्मीर में अस्थिरता फैलाना पाकिस्तान की घोषित नीति बन गया। भारत सरकार ने अब 'अमन की आशा' के छलावे से बाहर निकलते हुए रणनीतिक बदलाव किया है। शाहपुर कंडी बांध परियोजना जैसी योजनाओं के माध्यम से रावी नदी का जो पानी तकनीकी खामियों या बुनियादी ढांचे की कमी के कारण बहकर पाकिस्तान जा रहा था, उसे पूरी तरह रोककर जम्मू-कश्मीर और पंजाब के खेतों की तरफ मोड़ दिया गया है। भारत का यह संदेश साफ है: 'रक्त और पानी एक साथ नहीं बह सकते।'

जब पाकिस्तान को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसाने की कूटनीति शुरू हुई, तो देश के भीतर एक खास तबके की छटपटाहट देखने लायक थी। इस वर्ग में कुछ वामपंथी बुद्धिजीवी, चुनिंदा मानवाधिकार कार्यकर्ता, लुटियंस मीडिया के पत्रकार और तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले नेता शामिल हैं। इन्हें ही जनमानस में 'शांति दूत' या 'कैंडल गैंग' के नाम से जाना जाता है।

इनका गला सूखने यानी इनके भीतर छटपटाहट पैदा होने के पीछे निम्नलिखित चार प्रमुख कारण हैं:1. वैचारिक और राजनीतिक प्रासंगिकता का संकट- इन तथाकथित शांति दूतों की पूरी राजनीति और बौद्धिक दुकानदारी 'भारत-पाकिस्तान भाई-भाई' और 'क्रिकेट कूटनीति' के इर्द-गिर्द घूमती है। जब भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कोई कड़ा आर्थिक या रणनीतिक कदम उठाती है, तो इन विचारकों का पूरा नैरेटिव ध्वस्त हो जाता है। इन्हें डर है कि यदि पाकिस्तान पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गया, तो वैश्विक मंचों पर भारत-पाक शांति वार्ता के नाम पर मिलने वाले फंड, पुरस्कार और विदेशी दौरों के अवसर समाप्त हो जाएंगे। 2. मानवाधिकार का 'चयनित' चश्मा -इन शांति दूतों का सबसे पसंदीदा तर्क यह होता है कि 'पानी रोकना एक अमानवीय कृत्य है, इससे पाकिस्तान के गरीब किसान और आम जनता प्रभावित होगी।' लेकिन यहाँ इनका दोहरा चरित्र उजागर हो जाता है। जब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी भारत के निर्दोष नागरिकों, जवानों और कश्मीरी अल्पसंख्यकों का खून बहाते हैं, तब इन शांति दूतों के होंठ सिल जाते हैं। तब इन्हें उन भारतीय पिताओं, माताओं और अनाथ बच्चों के मानवाधिकार याद नहीं आते। पाकिस्तान के आम नागरिकों के प्रति इनकी सहानुभूति, भारत के वीर शहीदों के प्रति सम्मान पर भारी पड़ने लगती है।

3. 'अंतरराष्ट्रीय छवि' का अनावश्यक भय--इस वर्ग द्वारा यह डर फैलाया जाता है कि यदि भारत ने सिंधु जल संधि के नियमों को कड़ाई से लागू किया या पानी रोका, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि एक 'आक्रामक और अविश्वसनीय' देश की बन जाएगी। यह तर्क पूरी तरह से खोखला है। आज का भारत वैश्विक मंच पर एक मजबूत आर्थिक और सामरिक शक्ति है। दुनिया उगते सूरज को सलाम करती है, न कि पाकिस्तान जैसे आतंकवाद के गढ़ को। लेकिन यह शांति दूत वर्ग आज भी हीनभावना से ग्रसित है और चाहता है कि भारत हमेशा वैश्विक ताकतों के सामने एक 'कमजोर और सहिष्णु' देश बनकर याचना करता रहे।-4. 'अमन की आशा' का छलावा और फंडिंग का खेल-यह कोई रहस्य नहीं है कि भारत में कई ऐसे थिंक-टैंक और एनजीओ काम करते रहे हैं, जिन्हें विदेशों से ट्रैक-2 कूटनीति के नाम पर भारी फंडिंग मिलती है। इनका काम दोनों देशों के बीच सिर्फ बातचीत का माहौल बनाए रखना है, चाहे नतीजा कुछ भी निकले। जब भारत सरकार सीधे तौर पर पानी रोकने या सर्जिकल स्ट्राइक जैसे कड़े फैसले लेती है, तो इन संस्थाओं की प्रासंगिकता और उनके वित्तीय स्रोतों पर सीधा प्रहार होता है।

सवाल यह भी उठता है कि पानी रोकना रणनीतिक रूप से क्यों जरूरी है?पाकिस्तान जैसे देश के साथ, जो अपनी हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं है, केवल बातों से काम नहीं चल सकता। चाणक्य नीति भी कहती है कि साम, दाम, दंड और भेद का सही समय पर उपयोग ही राज्य की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।आतंकवाद की कमर तोड़ना: पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पहले से ही वेंटिलेटर पर है। यदि उसकी कृषि व्यवस्था (जो पूरी तरह सिंधु नदी तंत्र पर निर्भर है) संकट में आती है, तो पाकिस्तानी हुक्मरानों और वहां की सेना पर आतंकवाद को पालना बंद करने का चौतरफा दबाव बढ़ेगा।अपने किसानों का हक: दशकों तक हमारे हिस्से का पानी पाकिस्तान में बहता रहा और हमारे पंजाब, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर के किसान सूखे की मार झेलते रहे। भारत सरकार का यह कदम अपने नागरिकों को उनका हक दिलाने की दिशा में एक न्यायसंगत कदम है।

इस पूरे परिदृश्य को देखकर देश के आम नागरिक के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या किसी भी देश के भीतर बैठे नागरिकों की सहानुभूति अपने देश के हितों से ऊपर किसी दुश्मन देश के लिए हो सकती है? जब पाकिस्तान भारत के खिलाफ छद्म युद्ध लड़ रहा है, तो भारत के भीतर बैठा यह शांति दूत वर्ग जाने-अनजाने में पाकिस्तान के 'प्रोपोगैंडा टूल' के रूप में काम करने लगता है। पानी बंद होने पर पाकिस्तान की छटपटाहट तो समझ आती है क्योंकि वह अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है, लेकिन भारत के भीतर बैठे वातानुकूलित कमरों के बुद्धिजीवियों का गला सूखना यह साबित करता है कि इनका मानसिक जुड़ाव भारत की मिट्टी और भारत के राष्ट्रीय हितों से नहीं, बल्कि एक खास वैचारिक एजेंडे से है।

आज का नया भारत अपनी सीमाओं की रक्षा करना भी जानता है और अपने प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग करना भी। 'पानी बंद करने' का फैसला किसी दुश्मनी के तहत नहीं, बल्कि देश के आत्मसम्मान और संप्रभुता की रक्षा के लिए लिया गया एक कड़ा कूटनीतिक निर्णय है।

अब समय आ गया है कि देश इन 'शांति दूतों' के मुखौटों को पहचाने। जो लोग देश के जवानों के खून बहने पर मौन रहते हैं, उन्हें दुश्मन देश के पानी रुकने पर आंसू बहाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। भारत को यदि आगे बढ़ना है, तो उसे सीमा पार के दुश्मनों से निपटने के साथ-साथ देश के भीतर बैठे इन वैचारिक आस्तीन के सांपों और छद्म शांतिवादियों को भी बेनकाब करना होगा। तभी जाकर देश की सुरक्षा और स्वाभिमान अक्षुण्ण रह पाएगा।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक
एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

### आमने-सामने से टकराए दो कंटेनर, ड्राइवर की मौके पर मौत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** • धार जिले के राजोद थाना क्षेत्र अंतर्गत सरदारपुर-बदनावर स्टेट हाईवे पर शुक्रवार शाम ग्राम लाबरिया के पास दो कंटेनरों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। यह हादसा इतना जबरदस्त था कि एक कंटेनर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद एक कंटेनर का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। गंभीर रूप से फंसने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही राजोद थाना पुलिस और डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। दुर्घटना के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने यातायात नियंत्रित करते हुए क्षतिग्रस्त कंटेनरों को हटाने और चालक के शव को बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू की। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### टंट्या मामा की प्रतिमा खंडित, दूसरे दिन भी धरना, पुर्नस्थापना और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े प्रदर्शनकारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** • जौलाना गांव में क्रांतिकारी टंट्या मामा की प्रतिमा खंडित किए जाने के विरोध में सरदारपुर के अम्बेडकर चौराहे पर शुक्रवार को दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और प्रतिमा की पुर्नस्थापना की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस धरने में क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन पर अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने का आरोप लगाया और जल्द कार्रवाई की मांग की। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि टंट्या मामा केवल आदिवासी समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा और गौरव के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा को क्षति पहुंचाना समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए दोषियों की जल्द पहचान कर कठोर कार्रवाई करने की अपील की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। क्षेत्रीय विधायक प्रताप ग्रेवाल भी धरने में पहुंचे और आंदोलन को अपना समर्थन दिया। उन्होंने प्रदर्शनकारियों की मांगों को उचित बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र चौहान ने किया।

# धार को दूसरे नवोदय विद्यालय की मंजूरी, संचालन 2027-28 से

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** • धार जिले को शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मिली है। केंद्र सरकार ने जिले में दूसरे जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी दे दी है। मध्य प्रदेश में धार एकमात्र ऐसा जिला है जिसे इस चरण में दूसरे नवोदय विद्यालय की स्वीकृति मिली है। इसका संचालन शैक्षणिक सत्र 2027-28 से शुरू करने का लक्ष्य है। नवोदय विद्यालय समिति ने मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर विद्यालय के लिए लगभग 30 एकड़ अतिक्रमण मुक्त भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। साथ ही, शुरुआती वर्षों के लिए अस्थायी भवन की व्यवस्था करने को भी कहा गया है। भूमि उपलब्ध होने के बाद स्थायी परिसर का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।धार-महू लोकसभा क्षेत्र की सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने बताया कि वे वर्ष 2024 से जिले में दूसरे जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना के लिए लगातार प्रयास कर रही थीं। उनके सतत प्रयासों के बाद केंद्र सरकार से यह स्वीकृति मिली है। सांसद ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार ऐतिहासिक निर्णय



लिए जा रहे हैं। नवोदय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नि:शुल्क, गुणवत्तापूर्ण और आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम हैं।उन्होंने मध्य प्रदेश शासन और जिला प्रशासन से आवश्यक भूमि एवं अस्थायी भवन की व्यवस्था समय पर उपलब्ध कराने का आग्रह किया, ताकि वर्ष 2027-28 से विद्यालय का संचालन शुरू किया जा सके। दूसरे नवोदय विद्यालय की स्थापना से धार जिले के हजारों विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं और उच्च शिक्षा के अवसर मिलेंगे।

## धामनोद में खुला प्रदेश का पहला सहकार समृद्धि सुपर बाजार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धामनोद** • धामनोद में मध्य प्रदेश के पहले 'सहकार समृद्धि सुपर बाजार' का शुभारंभ किया गया। 'सहकारिता से समृद्धि' योजना के स्वर्णिम 5 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था (बी-पैक्स) धामनोद के नवनिर्मित परिसर में खोला गया है। इस सुपर बाजार का लोकार्पण केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव और धर्मपुरी विधायक कालू सिंह ठाकुर ने किया। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने खुशी जताते हुए कहा कि इस सुपर बाजार में रोजमर्रा की सभी वस्तुएं आम बाजार से कम और सस्ते दामों पर उपलब्ध होंगी।

इससे क्षेत्र के किसानों और आम उपभोक्ताओं दोनों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा। क्षेत्रीय विधायक कालू सिंह ठाकुर ने भी इस पहल पर गर्व जताते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में इस तरह के पहले सहकारी सुपर बाजार की शुरुआत उनके क्षेत्र से होना हर्ष की बात है।

#### सहकारिता से जुड़ेंगे 10 लाख नए किसान

अपेक्स बैंक के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मध्य प्रदेश में 10 लाख नए कृषक सदस्यों को सहकारिता से जोड़ने का संकल्प लिया गया है। इसी लक्ष्य के तहत धामनोद क्षेत्र में अब तक 750 नए सदस्य बनाए जा चुके हैं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा सहकारी ध्वज फहराने और संस्था परिसर में पौधारोपण के साथ हुई। इस अवसर पर सीसीबी धार के महाप्रबंधक के.के. रायकवार सहित जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार व कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### प्रशासन ने हटवाया अवैध कब्जा, भूख हड़ताल खत्म

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** • कलेक्ट्रेट परिसर में चार दिन से अपनी जमीन का कब्जा दिलाने की मांग को लेकर चल रही धर्मेंद्र प्रजापत और उनके परिवार की भूख हड़ताल शुक्रवार को समाप्त हो गई। प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए ग्राम मालीवाड़ा स्थित सर्वे क्रमांक 830/1 की भूमि से अवैध कब्जा हटवाकर फरियादी को जमीन का कब्जा सौंपा। तहसीलदार दिनेश कुमार उईके ने गन्ने का जूस पिलाकर उनकी भूख हड़ताल समाप्त कराई। धर्मेंद्र प्रजापत का आरोप था कि लोकेश परमार ने उनकी करीब तीन बीघा से अधिक पुश्तैनी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। प्रजापत परिवार इस भूमि पर पिछले लगभग 80 वर्षों से ईंट भट्टे का व्यवसाय करता आ रहा है, जिससे उनकी आजीविका चलती थी। अवैध कब्जे के कारण उनका व्यवसाय पूरी तरह बंद हो गया था और परिवार आर्थिक संकट में आ गया था। परिवार के अनुसार, उन्होंने कई महीनों तक कलेक्टर जनसुनवाई सहित विभिन्न राजस्व अधिकारियों के समक्ष शिकायतें कीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### नगर निगम ने खुद का बनाया पुल भी तोड़ा; रसूखदारों का रियल एस्टेट कारोबार प्रभावित हो रहा था

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • प्रशासन ने शुक्रवार को शहर के कुछ इलाकों के रास्तों को हटाने की कार्रवाई की। नगर निगम ने बरसाती नाले से इस तरह के चार रास्ते हटाए हैं, जिनमें दो पर रहवासियों ने पाइप डाले हुए थे और वहीं एक रास्ता खुद नगर निगम ने पक्की पुलिया बनाकर बनाया हुआ था। इन रास्तों पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई तब की गई, जब लोग जुम्मे की नमाज में लगे थे। इधर, कार्रवाई से पहले हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने प्रशासन से शिकायत कर कार्रवाई करने को लेकर कार्रवाई पर आपत्ति जताई थी। यह पूरा मामला राजनीति से जुड़ा है। शहर के वीआईपी रोड कहे जाने वाले बड़गांव भीला रोड़ पर जहां रास्ते हटाए गए हैं वहां कई मैरिज गार्डन और प्रीमियम कॉलोनी सहित किशोर नगर (आनंद नगर) जैसे पॉश इलाके हैं। खास तौर पर शहरी विस्तार और बड़गांव भीला के पास से निकल रहे फोरलेन बायपास रोड़ को लेकर भी रियल एस्टेट का कारोबार फल-फूल रहा है। बड़गांव भीला रोड के बाजू से नाला और उसके लगा मुस्लिम बहुल क्षेत्र खानशाहवली का हिस्सा है। नाले पर पुल और एप्रोच बनाकर मुस्लिम रहवासियों ने रास्ते बना लिए हैं। ताकि बच्चों को स्कूल भेजने और मार्केट सहित सिहाड़ा-मूंदी रोड़ के लिए कनेक्टिविटी आसान हो सकें। लेकिन रियल एस्टेट कारोबारियों के लिए यह एक तरह से माइनस प्वाइंट साबित हो रहा था।

## 6 साल में जंगल काटकर बना दिए खेत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • जिले के सामान्य वन मंडल के गुड़ी वन परिक्षेत्र में वर्षों से चल रहे बड़े वन अतिक्रमण पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सैकड़ों एकड़ वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया है। जिस इलाके में छह-सात साल पहले तक घना जंगल था, वहां वन माफियाओं ने पेड़ काटकर खेती शुरू कर दी थी और हर साल हजारों क्विंटल मक्का का उत्पादन किया जा रहा था। अब कलेक्टर ऋषव गुप्ता, एसपी अगम जैन और डीएफओ राकेश डामोर की संयुक्त रणनीति के तहत वन विभाग और पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए पूरे क्षेत्र को खाली करा लिया है। वन विभाग ने कार्रवाई के बाद 2018 और 2025 की सैटेलाइट (गूगल मैप) तस्वीरें जारी की हैं। इन तस्वीरों में साफ दिखाई देता है कि अमाखुजरी बीट क्रमांक 748 में वर्ष 2018 तक घना जंगल मौजूद था। कोरोना काल के दौरान अतिक्रमणकारियों ने धीरे-धीरे पेड़ों की कटाई शुरू की और वन भूमि को खेतों में बदल दिया। कुछ ही वर्षों में पूरे इलाके में मक्का की फसल लहलहाने लगी।

वन विभाग के अनुसार अमाखुजरी क्षेत्र में एक परिवार ने बड़े पैमाने पर वन भूमि पर कब्जा कर लिया था। माफिया लाखा का यह परिवार हर सीजन करीब 4 हजार क्विंटल मक्का बेच रहा था। आरोप है कि कब्जाई गई जमीन अन्य लोगों को भी खेती के लिए देकर अवैध वसूली की जाती थी। इससे सरकारी वन



भूमि पर लगातार अतिक्रमण बढ़ता गया। वन विभाग ने कई बार अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया, लेकिन हर बार विरोध का सामना करना पड़ा। विभाग का दावा है कि कार्रवाई के दौरान महिलाओं और बच्चों को आगे कर टीम का विरोध कराया जाता था, जिससे हालात तनावपूर्ण हो जाते थे और कार्रवाई अधूरी छोड़नी पड़ती थी। साल 2024 में वन विभाग करीब 500 जवानों के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंचा था। तब अतिक्रमणकारियों ने पथराव कर दिया था। कई कर्मचारी घायल हुए और टीम को बिना कार्रवाई किए वापस लौटना पड़ा। इस घटना के बाद वन विभाग ने अतिक्रमण हटाने के लिए नई रणनीति बनाई। डीएफओ राकेश कुमार डामोर का कहना है कि, अतिक्रमण हटाने के बाद क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जाएगी। वन भूमि पर दोबारा कब्जा न हो, इसके लिए नियमित गश्त, निगरानी और आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। विभाग का उद्देश्य नष्ट हुए वन क्षेत्र को पुनर्जीवित कर दोबारा हरित स्वरूप देना है।

# आज जीत पर भारत-इंग्लैंड की नजर



**मैनचेस्टर (एजेंसी)** ● पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच बारिश में धुलने के बाद भारत और इंग्लैंड की टीमें शनिवार को यहां ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले दूसरे टी-20 मुकाबले में जीत दर्ज करना चाहेंगी। चेस्टर-ले-स्ट्रीट में पहला मैच भारत की पारी पूरी होने के बाद रद्द हो गया था, इसलिए मैनचेस्टर का मुकाबला और भी अहम हो गया है। दोनों टीमें इस मैच में जीत दर्ज कर शुरुआती बढ़त हासिल करना चाहेंगी। भारत पहले मैच में अपनी बल्लेबाजी के प्रदर्शन से काफी सकारात्मक चीजें लेकर आगे बढ़ेगा। आक्रामक बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने केवल 24 गेंदों में धुआंधार 59 रन बनाकर इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर ने संयमित 68 रन बनाकर पारी को संभाला। इसके बाद शिवम दुबे ने 21 गेंदों में नाबाद 42 रन बनाकर पारी को शानदार ढंग से खत्म किया, जिससे मेहमान टीम की बल्लेबाजी की गहराई का पता चला। भारत के लिए इकलौती चिंता का एकमात्र विषय विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन का लगातार खराब प्रदर्शन है, जो अपनी पिछली तीन टी-20 पारियों में मात्र छह रन ही बना पाए हैं। 15 साल के बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी के तैयार होने के कारण, अगर टीम मैनेजमेंट बदलाव करने का फैसला करता है तो उन्हें चयन को लेकर दुविधा का सामना करना पड़ सकता है। गेंदबाजी की बात की जाए तो उम्मीद है कि अर्शदीप सिंह को हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई और अक्षर पटेल का साथ मिलेगा। वहीं, इंग्लैंड के गेंदबाजों का प्रदर्शन उत्साहजनक रहा, भले ही उन्हें लक्ष्य का पीछा करने का मौका नहीं मिला। साकिब महमूद ने 33 रन देकर तीन विकेट लेकर प्रभावित किया, जबकि अनुभवी लेग-स्पिनर आदिल राशिद ने अनुशासित स्पेल के साथ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। सैम करन ने भी किफायती गेंदबाजी से दबाव बनाए रखा। कप्तान हैरी ब्रूक एक मजबूत टीम की कप्तानी करेंगे जिसमें फिल साल्ट, जोस बटलर, जैकब बेथेल, टॉम बैंटन और विल जैक्स शामिल हैं।

# फिल्म में लीड हीरो नहीं बनने का कोई मलाल नहीं: अरशद वारसी

**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेता अरशद वारसी ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि साल 2013 की हिट फिल्म जॉली एलएलबी में मुख्य भूमिका निभाने के बाद, इसके सीक्वल जॉली एलएलबी 2 में अक्षय कुमार को स्टार बनाने के पीछे उनका ही हाथ था। अरशद वारसी ने अपने तीन दशक लंबे करियर में मुन्ना भाई सीरीज, सहर, इश्किया और जॉली एलएलबी जैसी फिल्मों से अपनी शानदार अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया है। अरशद वारसी ने कहा कि उन्हें कभी इस बात का अफसोस नहीं हुआ कि वह हर फिल्म में लीड हीरो नहीं बने। उन्होंने बताया, जहां तक लीड रोल न करने की बात है, तो मेरे करियर के पहले दिन से ही मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। मुझे बस अपना काम करना पसंद है। मुझे अच्छी स्क्रिप्ट और अच्छे रोल पसंद हैं। बस इतना ही... अगर आप मेरे पूरे करियर का ग्राफ देखें, तो वह हमेशा ऐसा ही रहा है। उन्होंने आगे बताया कि अपने करियर में उन्होंने कई ऐसी फिल्मों को ठुकराया, जिनमें उन्हें सोलो हीरो बनने का मौका मिल रहा था, क्योंकि उनकी प्राथमिकता हमेशा से दमदार भूमिकाएं रही हैं। जॉली एलएलबी 2 को लेकर अरशद ने बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि जब फिल्म के निर्माता-निर्देशक सुभाष कपूर इसके दूसरे भाग की तैयारी कर रहे थे और अक्षय कुमार इस रोल में दिलचस्पी दिखा रहे थे, तब उन्होंने खुद सुभाष कपूर को सलाह दी कि फिल्म अक्षय कुमार के साथ बनानी चाहिए।



# अश्विन यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग में डबलिन गार्डियंस की कप्तानी करेंगे



**मुंबई (एजेंसी)** ● ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अब यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में खेलते देखेंगे। अश्विन को पहले सत्र के लिए डबलिन गार्डियंस का कप्तान और मेंटर बनाया गया है। डबलिन गार्डियंस फ्रेंचाइजी के मालिक भारतीय टीम के भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ हैं। ऐसे में अश्विन का इस टीम से जुड़ना लीग की सबसे बड़ी और रणनीतिक नियुक्तियों में से एक माना जा रहा है। द्रविड़ जैसे दिग्गज के साथ अश्विन का यह जुड़ाव भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए भी उत्सुकता का विषय है, क्योंकि दोनों का क्रिकेटिंग ज्ञान और रणनीतिक दृष्टिकोण भारतीय टीम के लिए कई बार महत्वपूर्ण साबित हुआ है। अश्विन, जो अपनी चतुराई भरी गेंदबाजी और खेल को गहराई से समझने के लिए जाने जाते हैं।

अश्विन फिलहाल अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए खेल रहे हैं। यह दोहरी भूमिका, जिसमें कप्तानी के साथ-साथ मेंटरशिप भी शामिल है, उनके अनुभव और नेतृत्व कौशल का पूरा सदुपयोग करेगी। ईटीपीएल अपने आप में एक ऐतिहासिक पहल है। यह क्रिकेट आयरलैंड, क्रिकेट स्कॉटलैंड और रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन की साझेदारी में शुरू की गई यूरोप की पहली आईसीसी मान्यता प्राप्त बहु-राष्ट्रीय फ्रेंचाइजी टी20 लीग है। यह लीग यूरोप में क्रिकेट के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और इसे महाद्वीप में खेल की लोकप्रियता बढ़ाने के इरादे से लॉन्च किया गया है। इस लीग में छह टीमें हिस्सा लेंगी, जो डबलिन, बेलफास्ट, एडिनबर्ग, ग्लासगो, रॉटरडैम और एम्स्टर्डम जैसे प्रतिष्ठित यूरोपीय शहरों का प्रतिनिधित्व करेंगी, जिससे स्थानीय क्रिकेट प्रशंसकों को अपनी टीमों का समर्थन करने का मौका मिलेगा।

## शार्दुल का लक्ष्य भारतीय टीम में वापसी करना

**मुंबई (एजेंसी)** ●पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा है कि उनका लक्ष्य घरेलू क्रिकेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर टीम में वापसी करना है। शार्दुल ने कह कि देश की ओर से खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है। मेरा प्रयास भी यही है, साथ ही कहा कि जब भी अवसर मिला है। मैंने टीम को जीत दिलाने में अपना पूरा योगदान दिया है। शार्दुल के अनुसार पिछले साल हुए इंग्लैंड दौरे में उनकी क्षमताओं का सही इस्तेमाल नहीं हुआ जिसके कारण ही वह उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये थे। तब उन्होंने दो मैचों में कुल 27 ओवर गेंदबाजी की और दो विकेट लिए थे। शार्दुल ने दावा किया है कि गेंदबाजी का उन्हें पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। । उनका कहना है कि उन्हें न केवल कम ओवर दिए गए, बल्कि गलत समय पर गेंदबाजी कराई गई, जिससे वह अधिक प्रभावी नहीं रहे। इस ऑलराउंडर ने कहा, जब मैंने इंग्लैंड में खेला तो गेंदबाजी में मेरा सही इस्तेमाल नहीं हुआ। उन्होंने जोर दिया कि उन्हें गेंदबाजी के लिए सही समय पर नहीं लगाया गया। मुझे सिर्फ कम गेंदबाजी नहीं मिली, बल्कि गलत समय पर गेंदबाजी कराई गई।

## जल संकट से प्रभावित हो रही पूरी जीवन शैली: कनिका महेश्वरी



**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री कनिका महेश्वरी ने मुंबई में लगातार गहराते जल संकट के बीच अपनी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने सरकार से जल प्रबंधन को लेकर दीर्घकालिक और प्रभावी योजना तैयार करने की अपील की, ताकि लोगों को बार-बार ऐसी परिस्थितियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पानी का संकट केवल एक बुनियादी सुविधा का अभाव नहीं है, बल्कि यह लोगों की पूरी जीवनशैली और मानसिक स्थिति को प्रभावित करने वाली गंभीर समस्या बन चुका है। कनिका महेश्वरी ने कहा कि जब किसी परिवार को दिन की शुरुआत इस चिंता के साथ करनी पड़े कि खाना बनाने, सफाई करने और अन्य जरूरी घरेलू कामों के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा या नहीं, तब पानी के वास्तविक महत्व का एहसास होता है। कनिका का कहना है कि शहरों में विकास और आधुनिक सुविधाओं की चर्चा तो खूब होती है, लेकिन सम्मानजनक जीवन के लिए सबसे जरूरी चीज नियमित और स्वच्छ पानी की उपलब्धता है। उन्होंने बताया कि पानी की लगातार कमी लोगों को अपनी रोजमर्रा की आदतें बदलने के लिए मजबूर कर देती है। पहले जहां लोग बिना किसी चिंता के शॉवर का इस्तेमाल करते थे, वहीं अब पानी बचाने के लिए बाल्टी से स्नान करना पड़ रहा है। हर लीटर पानी का उपयोग सोच-समझकर करना पड़ता है और लोग अपनी दैनिक जरूरतों को भी सीमित करने लगते हैं।

# उज्जैन संभाग

## जमीन पर निर्माण का विरोध करने पर परिवार पर हमला, लाठी-डंडों से पीटा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम घोसला में जमीन विवाद को लेकर हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। एक निजी जमीन पर कथित रूप से भैरू महाराज का चबूतरा बनाने का विरोध करने पर एक परिवार पर आठ लोगों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में दो महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित संजय चौधरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर पर खाना खा रहे थे। इसी दौरान गांव के दीपक गोस्वामी, राहुल गोस्वामी और नारायण गोस्वामी वहां पहुंचे और उनकी निजी जमीन पर भैरू महाराज का चबूतरा बनाने की बात कही। संजय ने जब इसे अपनी निजी जमीन बताते हुए निर्माण का विरोध किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। शिकायत के अनुसार, विरोध करने पर दीपक गोस्वामी ने पत्थर से हमला कर दिया, जिससे संजय के माथे और बाईं आंख के पास गंभीर चोट लगी। इसके बाद राधेश्याम गोस्वामी, रोहित गोस्वामी और महेश गोस्वामी सहित अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए और लाठी-डंडों तथा पत्थरों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे परिवार के अन्य सदस्य भी हमले का शिकार हो गए। शिकायत के कि राधेश्याम गोस्वामी ने संजय की मां प्रेमबाई पर डंडे से हमला किया, जिससे उनके सिर और हाथ में चोट आई। रोहित गोस्वामी ने संजय की पत्नी सुनीता पर पत्थर फेंका, जिससे उनके सीने में चोट लगी। वहीं महेश गोस्वामी ने पिता नानूराम चौधरी पर डंडे से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इस हमले में संजय अजय चौधरी सहित कुल पांच लोग घायल हुए, जिनमें से तीन को गंभीर चोटें आने पर चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के दौरान पीड़ित परिवार के सदस्य मोबाइल से वीडियो बना रहे थे। संजय चौधरी का आरोप है कि हमलावरों ने वीडियो बनाने से रोकते हुए जान से मारने की धमकी दी और एक मोबाइल छीनकर ले गए।



## दिव्या नर्सिंग होम का लाइसेंस निरस्त, संचालक पर एफआईआर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खातेगांव** ● खातेगांव के दिव्या नर्सिंग होम पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना में कथित वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की जांच में गंभीर गड़बड़ी सामने आई थी। मामले में बीएमओ को भी हटाया गया है। इसके बाद गुरुवार को अस्पताल का लाइसेंस और पंजीयन तत्काल प्रभाव से स्थायी रूप से निरस्त कर दिया गया। वहीं, संचालक दीपक विश्नोई के खिलाफ खातेगांव थाने में धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेजों से जुड़े प्रकरण में एफआईआर दर्ज की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, शिकायत मिलने के बाद एक जिला स्तरीय जांच दल ने अस्पताल का निरीक्षण किया। जांच में अस्पताल के संचालन से जुड़ी कई गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में प्रशिक्षित चिकित्सक, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ का अभाव पाया गया। ऑपरेशन थिएटर की छत से पानी टपक रहा था, आईसीयू की कोई व्यवस्था नहीं थी और मरीजों के उपचार संबंधी रिकॉर्ड भी व्यवस्थित रूप से संधारित नहीं किए गए थे।

### अस्पताल में कई गंभीर लापरवाही मिली

इसके अतिरिक्त, फायर एनओसी, बिजली एनओसी सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए जा सके। पार्किंग व्यवस्था का अभाव, बेसमेंट में जलभराव, बायो मेडिकल वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण में लापरवाही और साफ-सफाई की खराब स्थिति भी जांच में सामने आई। इन सभी कारणों से अस्पताल को जनस्वास्थ्य की दृष्टि से संचालन योग्य नहीं माना गया। सीएमएचओ ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि अस्पताल का संचालन दीपक विश्नोई कर रहा था, जबकि अस्पताल का पंजीयन डॉ. यशोवर्धन काग के नाम पर था। जांच दल को जानकारी मिली कि डॉ. काग वर्तमान में भोपाल में पीजी की पढ़ाई कर रहे हैं और लंबे समय से अस्पताल में उपस्थित नहीं थे। इसके बावजूद, उनके नाम पर अस्पताल का संचालन जारी रहा और इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को नहीं दी गई। अधिकारियों के अनुसार, दीपक खुद डॉक्टर नहीं हैं। स्वास्थ्य विभाग ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना के तहत लाभ लेने वाले करीब 20 मरीजों से पूछताछ की और अस्पताल संचालक सहित कर्मचारियों के बयान दर्ज किए। शिकायत में आरोप है कि योजना के अंतर्गत अस्पताल के बिलों में डॉक्टर की फीस दर्शाई गई, जबकि संबंधित डॉक्टर को भुगतान नहीं किया गया। एक शिकायतकर्ता के मामले में बिना उपचार किए ही योजना की राशि लेने का भी आरोप लगाया गया है। सीएमएचओ ने बताया कि अस्पताल संचालक को तत्काल अस्पताल बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं मामले में नाम सामने आने पर डॉ. शुभम तिवारी को फिलहाल बीएमओ के पद से हटाकर डॉ. तुषार गुप्ता को प्रभार सौंपा गया है। जांच दल में जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. शाहिद शेख, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. मनीषा मिश्रा, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. संतोष कोतकर और लिपिक नरेंद्र जोशी शामिल थे।

## चिंतामण गणेश मंदिर का गर्भगृह चांदी से जगमगाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● चिंतामन गणेश मंदिर का गर्भगृह अब चांदी की आभा से जगमगाने लगा है। एक गुप्त दानदाता ने करीब 35 किलो चांदी दान कर गर्भगृह की दीवारों पर आकर्षक चांदी की नक्काशी और वर्क कराया है। इस कार्य के पूरा होने के बाद मंदिर का गर्भगृह पहले से अधिक भव्य और आकर्षक दिखाई दे रहा है। मंदिर प्रशासन के अनुसार उज्जैन के एक श्रद्धालु ने अपना नाम सार्वजनिक न करने की इच्छा जताते हुए करीब 85 लाख रुपए से अधिक मूल्य की चांदी दान की। इस चांदी से गर्भगृह की दीवारों पर विशेष डिजाइन तैयार कर लगाई गई है। मंदिर के प्रशासक अभिषेक शर्मा ने बताया कि चांदी का यह कार्य करीब 15 दिनों में पूरा हुआ। पहले चांदी की नक्काशी तैयार की गई, फिर उसे गर्भगृह की दीवारों पर स्थापित किया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्य के बाद गर्भगृह की भव्यता और आध्यात्मिक आभा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। महाकालेश्वर मंदिर से लगभग छह किलोमीटर दूर ग्राम जवास्या में स्थित चिंतामन गणेश मंदिर प्रदेश के प्राचीन और आस्था के प्रमुख केंद्रों में से एक है। मंदिर के गर्भगृह में भगवान गणेश के तीन स्वरूपों (चिंतामण, इच्छामन और सिद्धिविनायक) के दर्शन होते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार चिंतामण स्वरूप भक्तों की चिंताओं का निवारण करते हैं, इच्छामन सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं, जबकि सिद्धिविनायक सफलता और सिद्धि प्रदान करते हैं।

मंदिर की गणेश प्रतिमाओं को स्वयंभू माना जाता है। वर्षभर यहां देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। अब गर्भगृह में हुए चांदी के इस भव्य कार्य से मंदिर की धार्मिक और स्थापत्य सुंदरता में एक नया आकर्षण जुड़ गया है।



## अस्पताल में आईसीयू के एसी बंद, मरीज परेशान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिला अस्पताल की इमरजेंसी केयर यूनिट (आईसीयू) का एयर कंडीशनर (एसी) पिछले 20 दिनों से बंद पड़ा है। इसके कारण गंभीर मरीजों को उमस और गर्मी के बीच इलाज कराना पड़ रहा है। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर लगाए गए कूलर भी राहत नहीं दे पा रहे हैं। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि उमस के कारण मरीजों की हालत और बिगड़ रही है। झिरन्या के मांडवी निवासी मरीज मुकेश के भाई संजय ने बताया कि उनके भाई को 1 जुलाई की सुबह करीब 11:30 बजे आईसीयू में भर्ती कराया गया था। एसी बंद होने के कारण मरीज ठीक से सो नहीं पा रहे हैं और परिजनों को हाथ पंखे से हवा करनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि इस समस्या की जानकारी सिविल सर्जन डॉ. राजकुमारी देवड़ा को भी दी गई है, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो सका।

**15 बेड वाले वार्ड में 20 दिन से परेशानी** - जानकारी के अनुसार, जिला अस्पताल के 15 बिस्तरों वाले एसी वार्ड में पिछले 20 दिनों से एयर कंडीशनर खराब है। इस वार्ड में औसतन 10 गंभीर मरीज भर्ती रहते हैं। वार्ड में लगाए गए दो कूलर भी बिना पानी के चल रहे हैं, जिससे गर्मी और उमस कम होने के बजाय बढ़ रही है। मरीजों को घबराहट हो रही है और उन्हें आराम नहीं मिल पा रहा। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि एसी खराब होने की सूचना संबंधित एजेंसी को दे दी गई है। जल्द ही मरम्मत कराकर एसी चालू कराने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, प्रदेश के अन्य जिला अस्पतालों की तरह खरगोन जिला अस्पताल में भी एसी शासन स्तर पर दिल्ली की एक एजेंसी के माध्यम से लगाए गए थे।

## देवास में जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, तीन गंभीर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देवास** ● जिले के सोनकच्छ इलाके में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। देवगुराड़िया में खेत बखरने के दौरान हुए इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान निर्भय गुर्जर, जितेंद्र गुर्जर और शांतिलाल गुर्जर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वे अपने खेत पर काम कर रहे थे और खेत बखरने का काम चल रहा था, तभी कुछ लोगों ने उन पर डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घायलों ने आरोप लगाया है कि हमलावर उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। इसी विवाद के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया। शांतिलाल गुर्जर ने बताया कि वे विवाद शांत कराने पहुंचे थे, लेकिन उन पर भी हमला कर दिया गया। हमले में तीनों घायलों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। एक घायल के सिर पर 20 से अधिक टांके लगाए गए हैं। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि हमलावरों ने खेत पर ले जाए गए ट्रैक्टर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। तीनों घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मप्र कांग्रेस में घमासान यादव को किया निष्कासित, निधि, प्रियंका को नोटिस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर/भोपाल** ● मध्य प्रदेश कांग्रेस में इन दिनों गुटबाजी चरम पर दिख रही है। इंदौर के कांग्रेस नेता और पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव राकेश सिंह यादव को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। वहीं यादव ने पार्टी से इस्तीफा देने की बात कही है। यादव ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रभारी हरीश चौधरी पर संगठन को कमजोर करने, टिकट बेचने और असहमति की आवाज दबाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके अलावा पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के बयानों पर सोशल मीडिया पर कमेन्ट्स करने वाली प्रदेश महासचिव निधि चतुर्वेदी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा महिला उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष प्रियंका किरार को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## एसजीएसआईटीएस : विद्यार्थियों में कोर इंजीनियरिंग ब्रांचों की बढ़ गई मांग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंजीनियरिंग प्रवेश में इस बार विद्यार्थियों की पसंद में बदलाव देखने को मिला है। डीटीई द्वारा जारी बीटेक प्रथम चरण आवंटन में एसजीएसआईटीएस की कोर इंजीनियरिंग शाखाओं को भी बेहतर प्रतिसाद मिला है। अब केवल कंप्यूटर साइंस और आईटी ही नहीं, बल्कि सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी पारंपरिक शाखाओं की ओर भी विद्यार्थियों का रुझान बढ़ा है।

प्रथम चरण के आंकड़ों के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) में 150 और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसई) में 148 सीटों का आवंटन हुआ। वहीं सिविल इंजीनियरिंग और इंडस्ट्रियल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग में 113-113, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में 112-112 सीटें आवंटित हुई हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. नीतेश पुरोहित ने कहा कि प्रथम चरण के परिणाम बताते हैं कि विद्यार्थी आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ कोर इंजीनियरिंग शाखाओं को भी महत्व दे रहे हैं।

## डीएवीवी पोर्टल में तकनीकी संकट से डिग्री आवेदन प्रक्रिया प्रभावित, विद्यार्थी परेशान



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) की ऑनलाइन डिग्री एवं प्रमाण-पत्र आवेदन व्यवस्था इन दिनों छात्रों के लिए परेशानी का कारण बन गई है।

पोर्टल पर आ रही तकनीकी गड़बड़ियों के चलते कई विद्यार्थी डिग्री, प्रोविजनल डिग्री, माइग्रेशन सर्टिफिकेट और ट्रांसक्रिप्ट के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। कहीं संबंधित कोर्स का विकल्प दिखाई नहीं दे रहा है तो कहीं गलत कोर्स प्रदर्शित हो रहा है, जिससे आवेदन प्रक्रिया बीच में ही अटक रही है। सबसे अधिक समस्या जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन (एमजे) के विद्यार्थियों को हो रही है। छात्रों के अनुसार आवेदन के दौरान उनके कोर्स का नाम ही सूची में नहीं आ रहा, जबकि कुछ मामलों में दूसरे पाठ्यक्रमों के विकल्प दिखाई दे रहे हैं। इसके कारण वे आवेदन पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

**सुधार के निर्देश दिए हैं**-तकनीकी समस्याओं से परेशान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से शिकायत की है। शिकायतों के बाद अधिकारियों ने माना कि पोर्टल में कुछ तकनीकी खामियां सामने आई हैं। उनका कहना है कि पहले इस तरह की शिकायतें नहीं मिली थीं, लेकिन अब मामला सामने आने के बाद तकनीकी विशेषज्ञों को सुधार के निर्देश दिए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का दावा है कि सॉफ्टवेयर अपडेट कर त्रुटियां दूर कर दी जाएंगी। हालांकि तब तक विद्यार्थियों को आवेदन पूरा न होने से समय और ऊर्जा दोनों की बर्बादी झेलनी पड़ रही है।




# ईडी इंदौर ने नवभारत गृह सोसाइटी के 4.64 करोड़ घोटाले में किया केस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), इंदौर ने नव भारत गृह निर्माण सहकारी समिति के 4.64 करोड़ घोटाले में जांच तेज कर दी है। विशेष कोर्ट में ईडी ने दस्तावेज पेश किए। इसमें नोटिस जारी किए गए हैं।

**नवभारत गृह सोसाइटी के 4.64 करोड़ घोटाले में किया केस**-इंदौर में सहकारी गृह निर्माण समिति में जमीनों के भारी खेल हुए हैं। नव भारत सोसाइटी में हुए 4.64 करोड़ घोटाले में ईडी जांच कर रहा है। इसमें आरोपी श्रीकांत घंटे, सुभाष चंद्र दुबे, राकेश जैन, अंतिम जोशी और आनंद शाह के खिलाफ पीएमएलए तहत विशेष न्यायालय (पीएमएलए), इंदौर के में केस पेश हुआ। इसमें सुनवाई के लिए नोटिस जारी किए हैं।

### पूरी तरह सुनियोजित घोटाला हुआ

ईडी द्वारा की गई जांच में एक सुनियोजित घोटाले का खुलासा हुआ। जिसमें नव भारत हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी, इंदौर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और निदेशक मंडल के सदस्य शामिल थे। उन्होंने नव भारत हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी के फंड से खरीदी गई जमीन को अलग-अलग संस्थाओं को बेचकर और इस तरह फंड का गबन किया। अपने ही संगठन के सदस्यों को बेईमानी से धोखा दिया। अपराध की आय सोसाइटी के सदस्यों को धोखा देकर और जमीन की बिक्री से प्राप्त आय के रिकॉर्ड को नष्ट किया गया। अवैध रूप से गबन किए गए फंड को व्यवस्थित रूप से अलग-अलग स्तरों पर जमा किया गया और बाद में अचल संपत्तियों को खरीदने के लिए इस्तेमाल किया गया।

**ये है केस**-इंदौर के एमजी रोड पुलिस स्टेशन द्वारा श्रीकांत घंटे और नव भारत गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, इंदौर के अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज है। इसमें दर्ज ने विभिन्न वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी गतिविधियों के लिए दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

### प्रॉप्टी अटैच हो चुकी

ईडी ने 12 फरवरी को पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत श्रीकांत घंटे और सुभाष चंद्र दुबे के नाम पर अचल संपत्तियों को अटैच किया था। इसकी कीमत 64 लाख है। आगे की जांच जारी है।



## मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार इंदौर के 1200 बीएलओ से करेंगे संवाद

### ओंकारेश्वर और महेश्वर भी जाएंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार इंदौर आ रहे हैं। हालांकि कुमार ओंकारेश्वर में दर्शन और पूजा के लिए आ रहे हैं, लेकिन वह इंदौर में मीटिंग भी लेंगे। प्रशासन इनके दौरे की तैयारी में जुट गया है। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार शनिवार 4 जुलाई को इंदौर आ रहे हैं। उनके औपचारिक दौरे का शेड्यूल आ गया है। इसके लिए जिला प्रशासन इंदौर तैयारी में जुट गया है। कुमार इंदौर में करीब 1200 बीएलओ के साथ संवाद करेंगे। साथ ही मीटिंग भी लेंगे। इसमें सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे। यह मीटिंग लता मंगेशकर ऑडिटोरियम इंदौर में होगी।

**ओंकारेश्वर और महेश्वर जाएंगे**- ज्ञानेश कुमार के दौरे की मुख्य वजह ओंकारेश्वर में दर्शन है। वह इंदौर में मीटिंग के बाद शनिवार शाम को ओंकारेश्वर रवाना हो जाएंगे। फिर रविवार सुबह ज्योतिर्लिंग के दर्शन और पूजन करेंगे और फिर महेश्वर दौरे पर जाएंगे। महेश्वर में वह अहिल्या किला भी देखने जाएंगे और हैंडलूम यूनिट भी जाएंगे। फिर वह रविवार को इंदौर आकर दिल्ली रवाना होंगे।

### यह है ज्ञानेश कुमार का शेड्यूल

- शनिवार 4 जुलाई
- दोपहर 2.50 बजे इंदौर आगमन
- दोपहर 4 बजे- इंदौर में बीएलओ मीटिंग
- रात 8 बजे ओंकारेश्वर, रात को पूजा फिर नाइट स्टे
- रविवार 5 जुलाई
- सुबह साढ़े चार बजे ज्योतिर्लिंग पूजा
- सुबह 6 बजे नर्मदा घाट आरती
- सुबह 8.20 बजे महेश्वर
- सुबह 11 बजे अहिल्या फोर्ट
- दोपहर 4 बजे महेश्वर हैंडलूम यूनिट
- रात 7.25 बजे इंदौर एयरपोर्ट और दिल्ली रवाना

## मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कबड्डी स्टेडियम का किया निरीक्षण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं सांवेर विधायक तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डकाच्या में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन कबड्डी स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण कर आगामी माह में स्टेडियम का लोकार्पण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री सिलावट ने स्टेडियम में खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को कबड्डी कोर्ट में उच्च गुणवत्ता की वुडन फ्लोरिंग, कबूतरों से सुरक्षा के लिए जाली, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त एग्जॉस्ट पंखों की स्थापना तथा पेयजल की स्थायी व्यवस्था के लिए बोरिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए भी उपयुक्त हो।

मंत्री सिलावट ने बताया कि ग्राम डकाच्या में निर्माणाधीन यह स्टेडियम इंदौर जिले का पहला डबल कबड्डी कोर्ट होगा, जो क्षेत्र के खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर प्रदान करने तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण परियोजना तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्टेडियम में लगभग 500 दर्शकों के बैठने की क्षमता विकसित की जा रही है।

# सोनम रघुवंशी की जमानत रहेगी जारी

## सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से किया इनकार, मांगे दस्तावेज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में आरोपी सोनम की जमानत फिलहाल जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मामले की तुरंत सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि सोनम अभी जेल से बाहर है, इसलिए उसकी जमानत पर तुरंत रोक नहीं लगाई जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट से सोनम रघुवंशी को राजा रघुवंशी हत्याकांड में बड़ी राहत मिल गई है। मेघालय पुलिस की हाईकोर्ट शिलांग के फैसले के खिलाफ लगी याचिका में सोनम रघुवंशी की जमानत को बनाए रखा गया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें हाईकोर्ट के फैसले पर कुछ आपत्तियां हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने इसमें सभी दस्तावेज और जानकारी बुलाई है। माना जा रहा है कि अगली सुनवाई



में ही इस पर अंतिम फैसला संभावित है। वहीं राजा रघुवंशी के भाई विपिन ने द सूत्र से कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगली सुनवाई में सोनम की जमानत रद्द हो जाएगी। अभी केवल निचली कोर्ट से दस्तावेज मांगे गए हैं। अगली सुनवाई अहम होगी।

**इस बेंच ने की सुनवाई**- जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस शील नागू की अवकाशकालीन पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के आवेदन पर अर्जेंट सुनवाई की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह सुनियोजित हत्या है। सोनम ने साथियों के साथ मिलकर पति राजा रघुवंशी की हत्या कर शव को खाई में फेंक दिया था। सोनम को जिला कोर्ट सोहरा से 27 अप्रैल को जमानत मिली थी और हाईकोर्ट शिलांग ने भी 29 जून को मेघालय पुलिस की याचिका खारिज कर दी थी। इसके चलते उसकी जमानत बनी हुई थी। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ मेघालय पुलिस सुप्रीम कोर्ट पहुंची और अर्जेंट हियरिंग की मांग हुई।

### डेढ़ घंटे में करीब 2.4 इंच बारिश दर्ज, अगले दो दिन और तेज बारिश के आसार, तापमान में होगी 2 से 3 डिग्री की गिरावट

# शाम की बारिश से तरबतर हुआ इंदौर, सड़कें डूबीं, रेंगते नजर आए वाहन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शुक्रवार शाम हुई तेज बारिश ने इंदौर को तरबतर कर दिया। करीब एक घंटे तक चली मूसलाधार बारिश से कई प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गई और शहरभर में यातायात प्रभावित रहा। शाम के व्यस्त समय में जलभराव के कारण वाहन रेंगते नजर आए, जिससे लोगों को लंबे ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा।

देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट स्थित मौसम वेधशाला के अनुसार शुक्रवार सुबह से रात 8:30 बजे तक शहर में करीब 2.4 इंच बारिश दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे में 41.9 मिमी बारिश हुई, जिसके बाद



सीजन की कुल वर्षा 279 मिमी तक पहुंच गई। शहर के पूर्वी हिस्सों में भी करीब 20 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। बारिश के बाद एयरपोर्ट क्षेत्र सहित शहर के पश्चिमी हिस्सों में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई। सड़कों पर पानी भरने से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को परेशानी हुई।

लगातार बादल छाए रहने से दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3 डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री दर्ज किया गया। शाम के समय आर्द्रता 98 प्रतिशत तक पहुंच गई। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र और सक्रिय मानसूनी तंत्र के कारण प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहेगा। अगले दो दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की और गिरावट हो सकती है।

## आबकारी विभाग ने 83 हजार 800 रुपये मूल्य की अवैध मदिरा व वाहन जप्त

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशन में अवैध मदिरा के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे विभिन टीमों द्वारा इन्दौर जिले में विभिन्न स्थानों पर चेक पॉइन्ट बनाये गए है, जिसके चलते 3 जुलाई को सुबह गश्त के दौरान आशंका के आधार पर निवासी 25/1 विनोबा नगर, बड़ी ग्वालटोली सुनीता पति रोहित बौरासी की एक दोपहिया होंडा एक्टिवा स्कूटर क्रमांक MP09-F-2975 की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी की डिक्की में देशी मदिरा प्लेन बरामद की गई। उक्त मदिरा एवं प्रयुक्त दोपहिया वाहन को आबकारी विभाग द्वारा जप्त किया गया। जप्त मदिरा एवं वाहन का अनुमानित बाजार मूल्य कुल रुपये 83 हजार 800 रुपये है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया। जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# इंदौर के शिल्पकार ने सजाया जोधपुर एयरपोर्ट

## तीन माह में गढ़ीं पांच भव्य कलाकृतियां

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर के मूर्तिकार व कलाकार महेंद्र कोडवानी की कला को एक बार फिर राष्ट्रीय पहचान मिली है। राजस्थान के जोधपुर एयरपोर्ट के लिए तैयार की गई उनकी भव्य कलाकृतियों का 4 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों अनावरण किया जाएगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जोधपुर एयरपोर्ट के सौंदर्यीकरण और सांस्कृतिक पहचान को उभारने की जिम्मेदारी विशेष रूप से महेंद्र कोडवानी को सौंपी गई थी। महेंद्र कोडवानी और उनकी टीम ने महज तीन माह में 20 से अधिक कलाकारों के सहयोग से जोधपुर की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक विरासत को दर्शाने वाली पांच प्रमुख कलाकृतियां तैयार की हैं। इनमें 'जोधपुर की आत्मा को समर्पित एक कलात्मक यात्रा', 'पीकॉक टेल्स : रंग, संस्कृति और मारवाड़ की आत्मा का उत्सव', 'विमान पर विराजमान भगवान शिव : कैलाश से लोककल्याण की दिव्य यात्रा', 'खेजड़ली : प्रकृति रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान की अमर गाथा' तथा 'वीर दुर्गादास राठौड़ : साहस, त्याग और स्वाभिमान की अमर गाथा' शामिल हैं।

**कलाकृतियों में मारवाड़ की लोक संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर और आस्था** - कलाकृतियों में फाइबर, मोजेक, कैनवास, टाइल्स, लकड़ी, कपड़ा और पारंपरिक शिल्प तकनीकों का उपयोग किया गया है। इन रचनाओं के माध्यम से जोधपुर और मारवाड़ की लोक संस्कृति, स्थापत्य कला, ऐतिहासिक धरोहर, धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण की गौरवशाली परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। कोडवानी ने बताया कि इस कार्य का उद्देश्य केवल सजावटी कलाकृतियां बनाना नहीं था, बल्कि जोधपुर आने वाले प्रत्येक यात्री को राजस्थान की आत्मा, उसके रंगों, उत्सवों और लोकजीवन से परिचित कराना था। एयरपोर्ट पर स्थापित ये कलाकृतियां यात्रियों को राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत का प्रथम परिचय देंगी।

**पहले भी मिल चुका है राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान** - कोडवानी इससे पहले भी देश के कई प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट्स में अपनी कला का योगदान दे चुके हैं। वाराणसी में संत रविदास की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर चुके हैं।

### विधायकों के यहां फिर से सिफारिशी पत्र के लिए भागदौड़

# तबादलों के बाद निरस्ती को लेकर 'खेला'

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● गत पखवाड़े जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय(डीईओ) मे अधिकारियों और कर्मचारियों की पदस्थापना में परिवर्तन के बाद अब अविश्वास की गहरी लकीर के बीच शह मात का लुका छिपा खेल चल रहा है। डीईओ मे जैसे यहां के निजाम बदले पुराने कुछ कर्मचारियों ने अपना खेला चालू कर दिया है। इस कार्यालय में स्थानांतरित होकर आने वाले कर्मचारियों को रोकने के लिए अब विधायकों के सिफारिशी पत्र की जुगाड तेज कर दी है। इसके लिए वे तमाम प्रयास करने में जुट गए हैं।




### प्रशासन को गुमराह कर निरस्ती की फिराक में

गौरतलब है कि इंदौर की प्रभारी मंत्री खुद मुख्यमंत्री है ऐसे में इंदौर डीईओ के कर्मचारियों तबादले पर मुख्यमंत्री की मोहर लगी है। ऐसे में जिला प्रशासन भी उक्त सूची में फेरबदल नहीं कर सकता। इसके बावजूद कार्यालय का ही एक कॉकस अपने नापसंद कर्मचारियों को हटाने के लिए जिला प्रशासन के समक्ष पुराने अधिकारी की छिछलेदार कर अपना उल्लू सीधा करने में लगे हुए है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।